हर खबर पर पैनी नजर

नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने पर चाहत खन्ना ने दी प्रतिक्रिया, कहा- यह चौंकाने वाला था

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 08 जनवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 315, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

दिल्ली चुनाव की घोषणा, 5 फरवरी को मतदान, 8 फरवरी को मतगणना

- उप्र की मिल्कीपुर, तमिलनाडु की इरोड सीट पर उपचुनाव की भी घोषणा
- जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही दिल्ली में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। इन दोनों सीटों पर मतदान और मतगणना दिल्ली चुनाव के साथ ही होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में बर्फीले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी रहेगी। 20 जनवरी तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 8 फरवरी को होगी। उन्होंने तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि 10 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जानी चाहिए। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24

हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग 52,554 मतदाता जोड़े गए हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। 70 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 58 सामान्य और 12 आरक्षित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में बर्फीले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की गयी। मिल्कीपुर सीट विधायक अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के कारण रिक्त है। इरोड के विधायक की निधन की वजह से यह सीट रिक्त है। राजीव कुमार ने कहा कि बीते चुनाव के दौरान कुछ शंकाएं भी खड़ी की गईं। कहा गया कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद और दिल्ली चुनाव से पहले मतदाता सूची में गलत मतदाताओं को जोड़ा और हटाया गया। ऐसा भी कहा जाता है कि किसी खास ग्रुप को टारगेट किया गया। ईवीएम के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया। यह भी कहा गया कि 5 बजे के बाद वोट प्रतिशत बढ़ जाता है, आज इन सभी शंकाओं और आरोपों का जवाब दिया जाएगा। राजीव कुमार ने कहा कि ईवीएम में अविश्वसनीयता या किसी तरह की खामी का कोई सबूत नहीं है। ईवीएम में वायरस या बग आने का कोई सवाल ही नहीं है। ईवीएम में अवैध वोट होने का भी कोई सवाल ही नहीं है। कोई धांधली संभव नहीं है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट लगातार अलग-अलग फैसलों में यही कह रहे हैं। ईवीएम मतगणना के लिए फुलप्रूफ डिवाइस है। छेड़छाड़ के आरोप निराधार हैं। हम अभी बोल रहे हैं क्योंकि चुनाव के दौरान हम नहीं बोलते। राजीव कुमार ने कहा कि हम बहुत जल्द 100 करोड़ वोटर वाला देश बनेंगे। अब तक 99 करोड़ वोटर बन चुके हैं। गौरतलब है कि चुनाव को लेकर सभी मुख्य पार्टियां अपनी तैयारी शुरू कर चुकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई वाली आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रही है, जबकि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता हथियाने की कोशिश में है। कांग्रेस भी कड़ी टक्कर की तैयारी कर रही है और उसे उम्मीद है कि वह आश्चर्यजनक जीत हासिल कर लेगी। दिल्ली में लगातार 15 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी। 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीतीं।

मायावती को दिल्ली चुनाव में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी, लखनऊ । चुनाव आयोग ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मंगलवार को चुनाव का ऐलान कर दिया। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि पार्टी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी और दमदारी के साथ अकेले लड़ेगी। उनको दिल्ली में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल एवं धनबल से दूर रहने वाले गरीबों-मजलूमों की पार्टी बसपा आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा और मतों की गणना 8 फरवरी को होगी।

बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव करवाये जायेंगे-ईसीआई

एजेंसी, श्रीनगर। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव कराएगा। ईसीआई ने कहा कि उनके पास चुनाव कराने के लिए अभी भी समय है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में बर्फीली परिस्थितियों के कारण आज बडगाम और नगरोटा में उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं कर रहे हैं। सीईसी ने उल्लेख किया कि उनके पास चुनाव कराने के लिए 20 अप्रैल तक का समय है। उमर अब्दुल्ला ने 21 अक्टूबर को बडगाम सीट खाली कर दी थी जबकि देविंदर सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर को नगरोटा सीट खाली हो गई थी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 151ए के अनुसार किसी भी रिक्ति को भरने के लिए उपचुनाव रिक्ति की तारीख से छह महीने के भीतर होना चाहिए। भाजपा द्वारा देविंदर सिंह राणा की बेटी देवयानी राणा को नगरोटा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है लेकिन इस बात को लेकर व्यापक उत्सुकता है कि बडगाम सीट के लिए एनसी का उम्मीदवार कौन होगा। एनसी ने अपने उम्मीदवार के बारे में कोई संकेत नहीं दिया है जिससे राजनीतिक पर्यवेक्षकों और मतदाताओं में समान रूप से दिलचस्पी पैदा हो रही है।

जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर की हालत स्थिर, ठंड में बैठने के कारण बिगड़ी तबीयत

एजेंसी, पटना । बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर दो जनवरी से आंदोलनरत जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर इस वक्त पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। सोमवार की रात तबीयत खराब होने पर उन्हें यहां एडमिड किया गया था। मेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर रविशंकर ने प्रशांत किशोर के हेल्थ रिपोर्ट के बारे में बताया कि आज पूरे दिन उनकी जांच की जाएगी, उनकी स्थिति अभी स्थिर है। शाम तक कुछ कहा जा सकता है कि उन्हें क्या हुआ है। मोटे तौर पर डॉक्टर ने बताया कि ठंड में बैठे थे, इसलिए तबियत बिगड़ी है। सभी तरह की जांच की जाएगी, फिर शाम में एक रिपोर्ट जारी किया जाएगा। प्रशांत किशोर पिछले दो जनवरी यानी 6 दिनों से गांधी मैदान में बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यथियों के साथ अनशन पर बैठे थे। सोमवार को प्रशासन की ओर से उन्हें अरेस्ट किया गया था और देर शाम होते-होते उन्हें छोड़ भी दिया गया था। रात में उनकी तबीयत बिगड़ गयी और उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में एडमिड किया गया।

आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, साइबर

सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की भी खोज की। वार्षिक बैठकें आयोजित करके वार्ता को संस्थागत बनाने पर सहमति बनी।

इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य को प्राथमिकता दें सभी उपायुक्त: मुख्य सचिव

एजेंसी । रांची

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर ही दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं। उसकी लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाये, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा। मुख्य सचिव मंगलवार को राज्य में नेशनल

हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं।

एनएचएआइ की चल रहीं 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं- राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। वहीं, अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नई योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना, तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समयसीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी।

सभी विभागों से समन्वय बनाकर निकालें समाधान- मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें।

रेल मंत्री ने भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया लॉन्च

एजेंसी, नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लॉन्च किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री के विजन और कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में जो बड़ा बदलाव आया है।

नागपुर में दो बच्चे एचएमपीवी वायरस से संक्रमित मिले

एजेंसी, नागपुर

कर्नाटक और गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र के नागपुर में चाइनीज वायरस एचएमपीवी के दो मामले सामने आए हैं।दोनों बच्चों के रक्त नमूने आगे की जांच के लिए पुणे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) में भेजे गए हैं। नागपुर के जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, एम्स के निदेशक डॉ. प्रशांत जोशी, जिला सर्जन डॉ. निवृत्ति राठौड़, नगर चिकित्सा अधिकारी दीपक सेलोकर ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के मामले सामने आए हैं। बतौर विपीन इटनकर नागपुर निवासी 17 वर्षीय किशोरी और 7 वर्षीय बालक को पिछले कुछ दिनों से सर्दी, खांसी और

बुखार के कारण रामदासपेठ के एक निजी अस्पताल में इलाज किया गया था। दवा देने के बाद भी बीमारी ठीक नहीं होने पर मरीज के नमूने जांच के लिए नीरी की प्रयोगशाला में भेजे गए और रिपोर्ट मिली कि दोनों 'एचएमपीवी' से संक्रमित थे। इस बारे में इटनकर ने कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है। दोनों मरीज सामान्य स्थिति में हैं। दोनों बच्चों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पुणे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) में भेजे गए हैं। साथ ही वायरस के बारे में गहन जानकारी के लिए नमूने पुणे की 'एनआईवी' प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। अगले 2 से 3 दिन में रिपोर्ट आने की संभावना है। इस बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका कम होने के बावजूद सरकारी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है।

तिब्बत में भूकंप से 95 लोगों की मौत, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

एजेंसी, गंगटोक

तिब्बत में आए शक्तिशाली भूकंप से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। अब तक कम से कम 95 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि सैकड़ों घर ढह गए हैं। मंगलवार सुबह तिब्बत के शिगात्से में 7.1 तीव्रता के भूकंप से चीन के साथ-साथ नेपाल, भारत, भूटान और बांग्लादेश हिल गया। बीबीसी न्यूज ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि शक्तिशाली भूकंप के कारण तिब्बत क्षेत्र में कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। भूकंप के बाद कई झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र नेपाल-चीन सीमा पर एवरेस्ट क्षेत्र के पास था। चीनी अधिकारियों ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.8 थी। चीनी अधिकारियों ने पुष्टि की कि भूकंप के बाद तिब्बत के शहर शिगात्से में सैकड़ों इमारतें ढह गईं और 130 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। चीनी सेना बचाव कार्य में लगी हुई है। माउंट एवरेस्ट के पास दूरदराज के इलाकों में मानव रहित ड्रोन तैनात किए हैं। विभिन्न स्थानों से प्राप्त वीडियो में बचावकर्मियों को मलबे में खोज करते और प्रभावित लोगों को कठोर सर्दी से बचाने के लिए कंबल वितरित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम चीन में भूकंप अक्सर आते रहते हैं। 2008 में सिचुआन प्रांत में आए भीषण भूकंप में लगभग 70,000 लोग मारे गए थे। चीन के सीसीटीवी के अनुसार मंगलवार के भूकंप से पहले पिछले पांच वर्षों में शिगात्से के आसपास 200 किलोमीटर के क्षेत्र में 3 या उससे अधिक तीव्रता के 29 भूकंप दर्ज किए गए थे।

लो आ गया 'भारतपोल' अब विदेश में छिपे भारत के दुश्मनों की खैर नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

अब इंटरपोल की तरह भारत भी एक प्लेटफॉर्म तैयार किया है। अब विदेश में छिपने वाले भारत के दुश्मनों की खैर नहीं। विदेश में छिपे मोस्ट वॉन्टेड अपराधियों पर नकेल कसने के लिए 'भारतपोल' आ गया है। मंगलवार को 'भारतपोल' पोर्टल की शुरुआत हो गई। इस पोर्टल को सीबीआई ने तैयार किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 'भारतपोल' का उद्घाटन किया। इस दौरान शाह ने कहा कि भारतपोल पोर्टल से विदेश में भागे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। सुरक्षित भारत बनाने का सपना पूरा होगा। देश से भागने वाले अपराधियों

पर नजर रखी जाएगी। इंटरपोल की तर्ज पर ही सीबीआई ने भारतपोल नाम से एक कॉमन पोर्टल तैयार किया है। 'भारतपोल' से राज्यों के पुलिस बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियों को इंटरपोल के जरिए से अंतरराष्ट्रीय पुलिस की मदद के लिए वास्तविक समय में सूचना साझा करने की सुविधा मिलेगी। इस पोर्टल में सभी जांच एजेंसियां और सभी राज्यों की पुलिस प्रमुख शामिल होंगे। इस पोर्टल से किसी भी तरह की आतंकवादी घटना, क्राइम, नार्को, साइबर क्राइम में वांटेड अपराधी तक पहुंचना आसान हो जाएगा। सूत्रों की मानें तो 'भारतपोल' राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बलों और केंद्रीय एजेंसियों को विदेश में छिपे भगोड़े लोगों या अन्य मामलों के बारे में इंटरपोल से सूचना मांगने के लिए अनुरोध भेजने की सुविधा देगा। साइबर, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन माध्यम से कट्टरपंथ को बढ़ावा, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि अंतरराष्ट्रीय अपराधों की बढ़ती संख्या के कारण आपराधिक जांच में त्वरित और समय पर अंतरराष्ट्रीय मदद करने की जरुरत महसूस की गई। यह भारतपोल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बलों के कामकाज को सुविधाजनक बनाएगा।

संक्षिप्त समाचार

बयानों से कुछ लेना-देना नहीं,मुख्यमंत्री केवल सूबे की प्रगति में मगन-डॉ. मधुरेंदु पांडेय

पटना। जदयू नेता डॉ.मधुरेंदु पांडेय ने आज कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कारकेड अपने पूर्व निर्धारित यात्रा पर,इस शीतलहर के बीच भी निकला और विपक्षी देखते रहे। पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें विपक्षी बयानों से कुछ लेना-देना नहीं है,केवल सूबे की जनता का विकास ही सर्वोपरि है। अतः वे अपने धुन व गुण के साथ प्रगति यात्रा पर निकले हैं। बयानवीर विपक्षी खेमे के लिए परेशानी का सबब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता से मिले आशीर्वाद से है। बिहार विधानसभा उपचुनाव परिणामों की चिंता से विपक्ष खेमे की नींद हराम हो गई है।हड़बड़ी में बेतुके बयानबाजी पर उतर आए हैं।डॉ पांडेय ने सीधे अंदाज में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना सभी ने की है और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सूबे की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति मौन स्वीकृति दे दी है। यादगार पल है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा।

प्रशांत किशोर ने बुलाया तेजस्वी कांग्रेस व माले को?

यदि तीनों साथ आ गए तो जदयू और भाजपा का क्या होगा

फतुहा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि बिहार के भाजपा ने सिद्धांत को चकनाचूर कर दिया, जिसके कारण बिहार में एक भी भाजपा का चेहरा नहीं है। नीतीश कुमार यदि भाजपा को सत्ता सौंप ही दिया तो कौन है मुख्यमंत्री के काबिल। नीतीश कुमार ने भाजपा को दो-दो उपमुख्यमंत्री बना दिया परंतु इन दोनों को का चेहरा देखने के लिए आम नागरिक लालायित है। दोनों उपमुख्यमंत्री ने तीन काम ही सीखा है। कार्यकर्ताओं से नारा, लगवाना माला पहनना और फोटो खिंचवाना। जनहित में मोदी जी द्वारा 300 से ज्यादा योजना चलाई जा रही है परंतु दोनों उपमुख्यमंत्री को मोदी जी के योजनाओं से कोई मतलब नहीं है। प्रशांत किशोर कौन सी अपराध किया कौन से अपराध किया था की प्रशांत किशोर को इस आंदोलन में सहयोग के बदले गिरफ्तार कर लिया, जब कि नए कानून के अनुसार 7 साल से कम सजा वाले को थाना से ही छोड़ देने का नियम है, बावजूद पुलिस ने कानून को धज्जियां उड़ाते हुए जेल भेजने का भरपूर प्रयास किया , परंतु न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए छोड़ दिया। यह सब जनता देख रही है। इसी गांधी मैदान से जेपी आंदोलन ने सत्ता को उखाड़ कर फेंक दिया था, इसी गांधी मैदान से शुरुआत हुआ आंदोलन 243 विधानसभा क्षेत्रों में फैल चुकी है। यदि प्रशांत किशोर के बुलावे पर तेजस्वी यादव, कांग्रेस वाले आ गए तो भाजपा और नीतीश कुमार का क्या करेंगे। कभी-कभी लूट में भाजपाई भी शामिल हो जाते हैं यह काफी शर्मिंदगी वाली बात होती है। सरकार द्वारा टेलीफोन के लिए एक साल में एक लाख रुपए देती है। मतलब साढ़े आठ हजार रुपए महीना होता है, जबकि चार सौ रुपए के बीच एक महीना का चार्ज करने में लगता है ऐसी स्थिति में एक लाख रुपए क्यों लेते हैं,भाजपा को बिल से ज्यादा पैसा लेना नहीं चाहिए।

विधानपरिषद उपचुनाव एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार के रूप में ललन प्रसाद के नाम का ऐलान

» समता पार्टी काल से जुड़े रहे जमीनी कार्यकर्ता को हमारे नेता ने दिया सम्मानः उमेश

पटना। मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित एनडीए की संयुक्त प्रेसवार्ता में विधानपरिषद उपचुनाव हेतु एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार के रूप में समता काल से पार्टी के साथी रहे एवं वर्तमान में जिलापरिषद सदस्य ललन प्रसाद के नाम का ऐलान किया गया। इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, हम (से) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, लोजपा (आर) के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी एवं विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधानपार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव गुलाम रसूल बलियावी, प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी वासुदेव कुशवाहा मौजूद रहे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि ललन प्रसाद समता काल से पार्टी के समर्पित साथी रहे हैं एंव संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने पार्टी को सेवा दी है। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता सामाजिक न्याय के साथ विकास की सोच को आगे बढ़ाते हुए हर वर्गों के उत्थान में दिन-रात काम कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता का हित नीतीश सरकार की प्राथमिकता है, हमारे नेता कभी दिखावे की राजनीति नहीं करते है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि ललन प्रसाद जदयू के एक ऐसे जमीनी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने समता काल में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया और आज भी पूरी निष्ठा से नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरातल पर संगठन को सींचने वाले साधारण कार्यकर्ता को उचित सम्मान देने के लिए एनडीए के नेता और लोकप्रिय मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिया। हम से के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि यह अति प्रसन्नता का विषय है कि ललन प्रसाद के रूप में एक ईमानदार और कर्मठ कार्यकर्ता को विधानपरिषद में रिक्त पद के लिए उपचुनाव हेतु एनडीए की ओर से उम्मीदवार बनाया गया है। एक जमीनी कार्यकर्ता को उम्मीदवार घोषित कर जदयू और एनडीए ने सराहनीय कदम उठाया है। लोजपा (आर) के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी ने कहा कि ललन प्रसाद पार्टी के स्थापना काल से जुड़े रहे हैं और उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा विकास के लिए सैंकड़ो करोड़ों की सौगात से सिवान का होगा कायाकल्प : अंजुम

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में बिहार विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। फेसबुक लाइव की मदद से राज्य के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान सिवान को विकास के लिए मिली सैंकड़ों करोड़ों रुपए की योजनाओं से जिले में विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 700 करोड़ की लागत से दर्जनों योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण से जिले में चल रहे विकास कामों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार में सिवान जिले में चल रहे विकास कामों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 550 बिस्तरों वाले मैरवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में जीएनएम कॉलेज एवं बीएससी नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कराया गया है जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मैरवा में आईटीआई कॉलेज का निर्माण, सिवान में इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कराया गया है जहां छात्र अपने ही जिले में रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। छात्रों की हितों का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने महाराजगंज में पारा मेडिकल कॉलेज के निर्माण के साथ-साथ फॉमेसी कॉलेज का निर्माण कराया है।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में सीवान जिले को करीब 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की दी सौगात

नई सोच एक्सप्रेस

» 127 विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सीवान जिला को लगभग 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 127 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 83 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये की लागत से 122 योजनाओं का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 38 लाख 27 हजार रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के क्रम में पचरुखी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रस्तावित सीवान-बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैप के माध्यम से प्रस्तावित सीवान-बाईपास के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तावित पथ मोहम्मदपुर मोड़ (एन0एच0-531) से छपिया-टेढ़िघाट-गोपालपुर (एन0एच0-227ए) में आ०रो०बी० सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाना है। इस प्रस्तावित पथ की कुल लंबाई 13.80 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित पथ का कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इसके बन जाने से आवागमन सुगम होगा। लोगों की जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड स्थित मचकना पंचायत के ग्राम करहनु में जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली का जीरा छोड़ा। तालाब निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। तालाब के चारों तरफ यहां अच्छे ढंग से वृक्षारोपण कराया गया है। यह अच्छी बात है। हमलोग वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरुआत कर सभी सार्वजनिक तालाब, पोखर, कुओं आदि के सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने करहनु गांव के वार्ड संख्या-2 में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहनु, हुसैनगंज का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर ओ०पी०डी० कक्ष, टेली मेडिसिन आदि का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हम लोग सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा वितरण करा रहे हैं। वर्ष 2005 के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया गया है ताकि लोगों को इलाज में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीवान जिले के कई विकास योजनाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय करहनु के प्रांगण में

8.74 लाख रुपये की लागत से मनरेगा अंतर्गत निर्मित सार्वजनिक खेल मैदान का मुख्यमंत्री ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोक सेवा केंद्र एवं पंचायत सरकार भवन मचकना का निरीक्षण कर सरपंच न्यायालय, पुस्तकालय आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने करहनु बाजार के प्रांगण में 7.18 लाख रुपये की लागत से निर्मित मनरेगा हाट का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बासगीत पर्चा, सतत् जीविकोपार्जन योजना एवं परियोजना निधि अंतर्गत जीविका दीदियों को 51 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत ई-रिक्शा की चाबी, 19 जीविका दीदियों को 42 लाख 6 हजार 736 रुपये प्रोत्साहन राशि का सांकेतिक चेक, 29 हजार 663 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,51,506 जीविका दीदियों को बैंक लिकेंज द्वारा 101 करोड़ रूपये का सांकेतिक चेक, जीविका भवन की चाबी, मुख्यमंत्री चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत बैटरी चलित वाहन की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभुकों को प्रदान किया। प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से हमारी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर हम लोग कई प्रकार के काम कर रहे हैं। इससे हमें अच्छी आमदनी हो रही है। इससे समाज में महिलाओं की काफी इज्जत बढ़ी है। कारोबार करने के लिए हमें बैंक लोन के अलावा परियोजना से भी आर्थिक मदद मिलती है। जीविका ने हमारा जीवन बदल दिया है। हम सभी महिलाएं आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सांसद और केंद्र में मंत्री थे तो अनेक जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह का काम देखते थे। वर्ष 2005 में जब हमारी सरकार बनी तो वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढाना शुरू किया। अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को जीविका नाम हमने ही दिया। इससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने आजीविका नाम से योजना शुरू की। हम जहां भी जाते हैं जीविका दीदियों से बात करते हैं और उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। पहले महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं। अब वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। जिससे उन्हें आमदनी भी हो रही है। वे अच्छे ढंग से लोगों से बात भी करने लगी हैं। मुख्यमंत्री ने सीवान जिला अंतर्गत जीरादेई प्रखंड के भैसाखाल में 520 आसन वाले नवनिर्मित राजकीय अतिपिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय के शैक्षणिक सह प्रशासनिक भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस आवासीय विद्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित पथ सीवान आंदर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 16.250 किलोमीटर है। मैप के माध्यम से अधिकारियों ने इस पथ के विषय में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत छपरा (एन०एच०-31, बलिया मोड़) मांझी-दरौली-गुठनी (एन०एच०-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 72.183 किलोमीटर है, जिसकी कुल लागत 701 करोड़ 25 लाख 89 हजार रुपये है। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडे, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह सीवान जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु देवी, सांसद श्री श्रीमती विजया लक्ष्मी देवी, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, सारण प्रमंडल के आयुक्त श्री गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा श्री दीपक वर्णवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण प्रक्षेत्र श्री नीलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री अमितेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

98 वी पुण्य तिथि पर कालजयी शायर शाद अजीमाबादी को श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस

पटना सिटी। सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, साहित्यकारों एवं संस्कृतिकर्मियों ने कालजयी शायर खान बहादुर सैयद मोहम्मद शाद अजीमाबादी को उनकी 98 वी पुण्य तिथि पर स्मृति समारोह में स्मरण किया और श्रद्धांजलि दी। शाद अजीमाबादी पथ, लंगर गली, हाजीगंज में उनकी मज़ार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर फतेहा के साथ उन्हें नमन किया। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था नवशक्ति निकेतन के तत्वावधान में आयोजित स्मृति सभा की अध्यक्षता बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ.अनिल सुलभ ने की।कार्यक्रम का संचालन महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने किया)। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि मृत्युंजय मिश्र 'करुणेश' व साहित्यकार डॉ० इशरत सुबुही को शाद अज़ीमाबादी सम्मान 2025 से तथा सुभचन्द्र सिन्हा, श्वेता गजल, शमा कौसर एवं फरीदा अंजुम को साहित्य एवं समाज सेवा सम्मान से शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं पौधा देकर

अलंकृत किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में भाषण करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने शाद को कालजयी शायर बताया और कहा कि अज़ीमाबाद साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रही है। शाद की स्मृति रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाना अपेक्षित है। कमलनयन श्रीवास्तव ने कहा कि शाद की नज्मों में मुल्क का दिल धड़कता है। शाद राष्ट्रीय एकता के पक्षधर शायर थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ० अनिल सुलभ ने कहा कि शाद उर्दू के मुक्कमल शायर थे। आज शाद की रचनाओं को जीवन में उतारने की जरूरत है।नवशक्ति निकेत के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद ने जून माह में 'एक शाम शाद के नाम 'आयोजित करने तथा उनकी रचनाओ का हिन्दी अनुवाद कराकर प्रकाशित करने के घोषणा की। पटना की उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी ने शाद की दुर्लभ रचनाओ का हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित कराने की माग सरकार से की। वक्ताओं ने कहा कि शाद अज़ीमबादी पथ का शिलापट्ट तक नहीं लगाया जाना तथा शिलान्यास के बाद भी शाद अज़ीमबादी पार्क का निर्माण नहीं किया जाना सरकारी उपेक्षा के उदाहरण हैं।वक्ताओं ने शाद की मज़ार को राष्ट्रीय संग्रहालय घोषित करने तथा उनके सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किए जाने की मांग सरकार से की। इस अवसर पर डा. अनिल सुलभ,वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी,सर्वश्री अनंत अरोड़ा, मधुरेश नारायण, कमल किशोर वर्मा 'कमल' , फैजान अली फहम, बबन प्रसाद वर्मा, डा० एहसान शाम , प्रेमकिरण , डॉ निसार अहमद (शाद के प्रपौत्र) , अकबर रजा जमशेद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।धन्यवाद ज्ञापन फैजान अली फहम ने किया।समारोह का समापन डॉ० कलीम आजिज की इन पंक्तियों से हुआ- 'आज बरसी है तुम्हारी आओ शाद / हम रयाकारों से भी मिल जाओ शाद / कौन समझेगा तुम्हे इस दौर में / बन गये है हम तो लक्ष्मण साव शाद।मौके पर मौजूद कवि और शायरों ने अपनी प्रस्तुति से शाद को श्रद्धांजलि दी।

सुशील मोदी जयंती सप्ताह के दूसरे दिन कंकडबाग अमृत पार्क में किया गया वृक्षारोपण - अग्रवाल

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। पटना के कंकडबाग के अमृत पार्क में श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी जयंती सप्ताह समारोह कार्यक्रम अंतर्गत पटना दक्षिण नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि कंकडबाग के अमृत पार्क सहित पूरे बिहार के कई जिलों में वृक्षारोपण किया गया I सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के श्री अग्रवाल ने कहा कि कंकडबाग अमृत पार्क वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुम्हरार के विधायक श्री अरुण कुमार सिन्हा, सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष श्री संजय गुप्ता, श्रीमती उर्मिला सिंह, श्री दीपक बिहारी, श्री कामख्या नारायण तिवारी, श्रीमती रीना शर्मा, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सुमित श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे I ज्ञातव्य हो कि कल सुबह श्रद्धेय सुशील

» कल पटना के मलाही पकड़ी में होगा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन

कुमार मोदी जयंती सप्ताह समारोह कार्यक्रम अंतर्गत मलाही पकड़ी गांव में चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें चिकित्सीय जाँच के साथ-साथ मुफ्त दवाई और चश्मा का वितरण किया जायेगा I

बिहार विधान परिषद उपचुनावः जदयू ने ललन प्रसाद को बनाया उम्मीदवार

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। बिहार विधान परिषद की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। जदयू ने शेखपुरा जिले के वरिष्ठ नेता ललन प्रसाद को अपना प्रत्याशी बनाया है। ललन प्रसाद धानुक जाति से आते हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाते है। राजद के पूर्व एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई विधान परिषद की सीट पर उपचुनाव की घोषणा की गई है। इस सीट के लिए एनडीए ने जदयू के ललन प्रसाद को संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है। ललन प्रसाद शेखपुरा जिले के सुजावलपुर गांव के निवासी हैं और धानुक जाति से संबंध रखते हैं, जो बिहार में अतिपिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती है। ललन प्रसाद का राजनीतिक सफर छात्र जीवन से ही शुरू हुआ, जब उन्होंने नीतीश कुमार के आह्वान पर सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना शुरू किया। 1994 से वे समता पार्टी और बाद में जदयू के सक्रिय

सदस्य रहे हैं। 2001 से 2006 तक उन्होंने घाट कुसुम्भा प्रखंड के जदयू अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जबकि 2009 से 2013 तक शेखपुरा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। इसके अलावा, वे अस्थावां विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी भी रह चुके हैं। तीन बार जिला पार्षद रह चुके ललन प्रसाद की छवि एक ईमानदार और समर्पित नेता की रही है। उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। जदयू संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने पार्टी के विस्तार और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विधान परिषद उपचुनाव के लिए मतदान 23 जनवरी को होगा, जिसमें एनडीए के पास बहुमत होने के कारण ललन प्रसाद की जीत लगभग तय मानी जा रही है। इस नियुक्ति के माध्यम से जदयू ने अतिपिछड़ा वर्ग, विशेषकर धानुक जाति, को साधने की रणनीति अपनाई है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को लाभ मिल सके। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जताई है और उम्मीद व्यक्त की है कि उनके अनुभव और समर्पण से पार्टी को मजबूती मिलेगी। अधिक जानकारी और ताज़ा अपडेट्स के लिए जुड़े रहें हमारे साथ।

विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, देसरी में कांग्रेस हुई मजबूत, कांग्रेस पार्टी की विचाराधारा को जन जन तक पहुंचाने संकल्प

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील कुमार पासी के स्वागत में देसरी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक प्रतिमा कुमारी दास ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही कि कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद जिस लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान को स्थापित किया। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आज उसी पर हमला कर रही है, वही दूसरी ओर इस शीत लहर में शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे बीपीएससी परीक्षार्थियों पर पुलिस द्वारा जिस तरीके से बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करवाया गया, इससे साफ है कि डबल इंजन की सरकार को भी लोकतांत्रिक अधिकार पसंद नहीं है। विधायक ने कार्यकर्ताओं से जनता के संपर्क में रहने तथा उनकी समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहने को कहा। कार्यक्रम के पूर्व विधायक प्रतिमा कुमारी दास, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद यादव, प्रदेश प्रतिनिधि रंजीत पंडित, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय कुमार यादव, मो. सद्दाम हुसैन, उत्तम ठाकुर, राजकिशोर कुमार सहित अन्य नेताओं ने देसरी में पार्टी के मजबूत नेता रहे स्व. लालबाबू सिंह के स्टेच्यू

पर मल्यार्पण किया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील कुमार पासी को देसरी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलने आना था, लेकिन किसी अपरिहार्य कारणों से वे नहीं आ पाए। विधायक के साथ उपस्थित अतिथियों को कार्यकर्ताओं ने बुके, माला एवं शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद राय ने देसरी में पार्टी को मजबूत होने पर कहा कि स्थानीय विधायक के क्षेत्र में लगातार काम करने के कारण पार्टी मजबूत हो रही है। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से पार्टी को और मजबूत बनाने कि अपील की। पार्टी के नेता रंजीत पंडित एवं विजय कुमार यादव ने कहा कि पार्टी के नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पूरे देश में मजबूत हुई है और इसी का परिणाम है कि आज देसरी में भी कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ी है। उन्होंने विधायक प्रतिमा कुमारी दास को देसरी को अनुमंडल की मांग करने एवं देसरी रेलवे फ्लाई ओवर की मांग को मजबूती के साथ सरकार के समक्ष रखने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जन समस्याओं के मुद्दे पर संघर्ष कर आगे बढ़ी है। अधिवक्ता मुकेश रंजन, सोशल मीडिया प्रभारी राजकिशोर चौधरी, कुमार गौतम, उत्तम कुमार ठाकुर, यूथ कांग्रेस महनार विधानसभा अध्यक्ष राजकिशोर कुमार यादव, मो. सद्दाम हुसैन, गौतम कुमार, बौनी देवी आदि कार्यकर्ताओं ने संबोधित करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने व कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनाथ चतुर्वेदी ने किया जबकि संचालन मो. रुस्तम ने किया। कार्यक्रम में संजीव कुमार यादव, रत्नेश कुमार सिंह, सुबोध पासवान, सोहन कुमार, संजय कुमार राय, अभिषेक कुमार, चन्दन कुमार झा, मो. सद्दाम, विनय राय, विशाल कुमार, प्रमोद राय, वीरेंद्र राय, शेखर राय, राजगीर राय, अर्जुन मांझी, माया देवी, नवनीत कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल नव पदस्थापित पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक से मिला

पटना। बिहार चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी के नेतृत्व में नव पदस्थापित पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार से औपचारिक भेट किया। प्रतिनिधिमंडल ने पटना के विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर विस्तृत विचार- विमर्श किया साथ ही पटना के विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श हेतु चैम्बर के सदस्यों के साथ चैम्बर प्रांगण में बैठक हेतु समय देने का अनुरोध किया जिसपर वरीय पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द समय देंगे । प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी के अतिरिक्त उपाध्यक्ष आशीष शंकर एवं प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष पी० के० अग्रवाल शामिल थे।

शाद अजीमाबादी उत्सव, भव्य मुशायरा का आयोजन

पटना। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार तथा बिहार संगीत नाटक अकादमी, पटना के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध शायर शाद अजीमाबादी की जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ह्लशाद अजीमाबादी उत्सवह्व के अंतर्गत भव्य मुशायरे का आयोजन होगा।यह कार्यक्रम बुधवार को प्रेमचंद रंगशाला, राजेंद्र नगर, पटना में सायं 5:00 बजे से आयोजित किया जाएगा।इस मुशायरे में देश के प्रसिद्ध शायर और कवि आलोक धन्वा, कासिम खुर्शीद, शबीना अदीब, लक्ष्मी शंकर बाजपेयी, नीलोत्पल मृणाल, तलत परवीन, शंकर कैमूरी, कलीम कैसर, संदीप द्विवेदी और ताहिर फराज अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। कार्यक्रम का आयोजन शाद अजीमाबादी की साहित्यिक विरासत को श्रद्धांजलि देने और उर्दू व हिंदी साहित्य के प्रति युवा पीढ़ी के साथ समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।सभी साहित्यप्रेमियों और सांस्कृतिक में अभिरुचि रखने वाले व्यक्तियों से इस मुशायरे में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने का अनुरोध विभाग और संगीत नाटक अकादमी की ओर से की जाती है।

76 हजार स्कूलों में बच्चे के साथ अभिभावक भी ले पाएंगे परिवहन की जानकारी

पटना। राज्य के 761,576 सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 1.67 करोड़ छात्र अब अपने नौनिहालों को बाउंड्री पर की गई पेंटिंग के माध्यम से ट्रैफिक नियमों के बारे में जानेंगे। वे अपने माता-पिता को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे गति सीमा का पालन करने, सड़क पर मोबाइल के उपयोग से बचने और पैदल चलने के संबंध में स्वयं जागरूक रहेंगे तथा आस-पास के लोगों में भी जागरूकता फैलाएंगे। ट्रैफिक नियमों के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य के विद्यालयों की दीवारों पर बॉल पेंटिंग और स्लोगन लिखे जाएंगे। बच्चे चित्रों के माध्यम से यातायात नियमों को समझ सकेंगे। स्कूलों की बाउंड्री पर पेंटिंग के माध्यम से 1.87 करोड़ बच्चे यातायात नियमों को सीखेंगे। राज्य के 761,576 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 1.67 करोड़ बच्चे अपनी निहालियों को बाउंड्री पर पेंटिंग देखकर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानेंगे। इसके साथ ही, वे अपने माता-पिता को भी वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने के लिए प्रेरित करेंगे। बच्चे गति सीमा का पालन करने, सड़क पर मोबाइल के उपयोग से बचने और पैदल चलने के संबंध में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। ट्रैफिक नियमों के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य के विद्यालयों की दीवारों पर वाल पेंटिंग और स्लोगन लिखे जाएंगे, जिससे बच्चे चित्रों के माध्यम से यातायात नियमों को समझ सकेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सड़क सुरक्षा निधि के माध्यम से दीवारों पर चित्रकारी और स्लोगन लिखवाए जाएंगे। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों की बाउंड्री पर सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन और चित्रकारी कराने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय हाल ही में विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की कार्यपालक समिति की बैठक में लिया गया। शिक्षा विभाग के समन्वय से परिवहन विभाग और बिहार सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए एक विशेष निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। यह कार्य इसी वित्तीय वर्ष से प्रारंभ होगा। विद्यालयों की दीवारों पर ऐसे स्लोगन लिखे जाएंगे, जो सरल, प्रभावी और प्रेरणादायक हों। इसके साथ ही, चित्रकारी के माध्यम से बच्चों और आम जनता को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जाएगा।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बर्खास्त करे केंद्रः भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में राजभवन भाजपा कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहा है। खासकर जिस राज्य में विपक्षी पार्टियों की सरकार है, वहां के राज्यपाल संवैधानिक मयार्दाओं को तार तार कर रहे हैं। नये साल के सत्र की शुरूआत में तमिलनाडु विधानसभा में राज्यपाल द्वारा दिया जाने वाला पारंपरिक संबोधन साल दर साल एक अप्रिय घटना में तब्दील होता जा रहा है। लगातार तीसरे साल राज्यपाल आरएन रवि का विवाद खड़ा करने का शौक सामने आया है। वह भाषण पढ़े बिना ही विधानसभा से चले गए। यह संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। केंद्र सरकार तत्काल तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बर्खास्त करें। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी राज्यपाल आरएन ने विधानसभा सत्र को राजनीतिकरण करने का कार्य किया है।उनकी विवाद पैदा करने और सदन के पटल पर सरकार के नीति वक्तव्य को प्रस्तुत करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य को पूरा करने से बचने की एक चाल के रूप में सामने आयी है। ऐसे व्यक्ति को राजभवन में बैठने का कोई औचित्य नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संविधान का अपमान करने वाले तमिलनाडु के राज्यपाल को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग करती है।

निधन पर रालोजपा में शोक

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान, पूर्व सांसद चंदन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, प्रधान महासचिव केशव सिंह ने पार्टी के प्रदेश सचिव पंकज पासवान के पिताजी कृपाराम के निधन पर गहरा दुःख एवं शोक प्रकट किया हैं। पशुपति कुमार पारस ने शोक संदेश में कहा कि स्व. कृपाराम मेरे सहपाठी थे, उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई हैं। पशुपति पारस सहित राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नेताओं ने कहां की परमेश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं अपने श्री चरणों में स्थान दें। ईश्वर शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख किस घड़ी में धैर्य धारण करने का संबल प्रदान करें।

कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी - प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। नेहरू युवा केंद्र मुजफ्फरपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सीनेट सभागार, बिहार अंबेडकर यूनिवर्सिटी में कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री दिनेश चंद्र राय, माननीय कुलपति, बी.आर.ए.बी.यू. मुजफ्फरपुर ने अपने संबोधन में कहा कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय को मजबूत करने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय विकास के लिए प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि डॉ. अपराजिता कृष्णा, रजिस्ट्रार, बी.आर.ए.बी.यू., ने कहा कि युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों को पहचानते हुए विविधता में एकता को समझना चाहिए। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण बताया।डॉ. ओम प्रकाश राय, प्राचार्य, एल.एस. कॉलेज, ने मुजफ्फरपुर के शैक्षिक और सांस्कृतिक योगदान पर प्रकाश डाला और युवाओं को अपने विचारों और ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया।डॉ. बासुदेव प्रसाद, शिक्षाविद, ने युवाओं को नई विचारधारा और परस्पर सहयोग के महत्व को समझाने पर जोर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन, पटना, बिहार द्वारा की गई। उद्घाटन सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।जिला युवा अधिकारी रश्मि सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और कश्मीर तथा बिहार के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी , पत्रकार सुजाता भुषन, ऋतिक राज वर्मा, राजीव कुमार, समित कुमार राजू उपस्थित रहे ।धन्यवाद ज्ञापन श्री मनीष कुमार, जिला युवा अधिकारी, मधुबनी, द्वारा किया गया।कश्मीरी युवाओं को लंगट सिंह महाविद्यालय के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया गया। इस भ्रमण में मुख्य योगदान प्रो. पुष्पा कुमारी (इतिहास विभाग), प्रो. संजीव मिश्रा (अंग्रेजी विभाग), डॉ. राजीव कुमार, दिलीप कुमार, धीरेंद्र कुमार, और प्रो. शशिकांत (राजनीति शास्त्र) का रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. आरती कुमारी, कवयित्री ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को प्रेरित किया।आशुतोष और टीम ने कजरी लोकगीत प्रस्तुत किया।नेहा और टीम ने 'आपन बिहार' पर लोकनृत्य किया।कश्मीर के बडगाम से आई तबस्सुम अख्तर ने गीत गाया, और कुपवाड़ा से आए मालिक नसीर ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम ने कश्मीर और बिहार की सांस्कृतिक विरासतों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए युवाओं को प्रेरित किया । मौके पर पत्रकार राजीव कुमार, सुजाता भूषण, ऋतिक राज वर्मा ,चन्द्र भुषन पांडेय, गौतम झा, प्रकाश कुमार, शिवानी कुमारी स्वागत के लिए डटे रहे ।

यूको बैंक के 83 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राहकों और बैंक पेंशनर्स की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। यूको बैंक के 83वीं स्थापना दिवस के अवसर पर महिला कॉलेज शाखा में ग्राहक तथा बैंक पेंशनर्स की एक बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए,यूको बैंक ,पूर्णियां के वरीय प्रबंधक आशीष कुमार ने कहा कि वर्ष 25 हमारे लिए विशेष है, क्योंकि हम अपने यूको बैंक की 83 गौरवशाली वर्षों की विरासत का जश्न मना रहें हैं तथा ग्राहकों की सेवा और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में योगदान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को अटूट रखें हैं।बैंक इस वित्तीय वर्ष में सरकारी योजनाओं,व्यवसाय ऋण,खुदरा ऋण और शिक्षा ऋण को अच्छे ग्राहकों को वितरित करने का भरपूर प्रयास कर देश के प्रगति में अपनी सहभागिता निभा रहें हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना का लाभ भी ग्राहकों को लेना चाहिए। यूको बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य रणजीत कुमार झा ने कहा कि बैंक द्वारा यूको मोबाइल ऐप,क्रेडिट कार्ड,डेबिट कार्ड और यूको सिक्योर सुविधा प्रदान की गई है जिसका लाभ लेकर ग्राहक लाभान्वित हो सकते हैं ।ग्राहक जय प्रकाश झा ने बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सेवा की तारीफ की और कहा कि वे इस बैंक के ग्राहक पिछले 30 वर्षों हैं । इस अवसर पर बैंक के आशीष कुमार,प्रियंका कुमारी,रश्मि कुमारी,मधु कुमारी,देवेंद्र कुमार , यूको बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन राज्य संगठन के सचिव ए के बोस, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी,ललन पाण्डेय,राजेंद्र चौहान,संजय कुमार रेणु,मनोज कुमार प्रसाद, बैंक ग्राहक पूर्व प्रो वाइस चांसलर जय प्रकाश झा,ब्रह्मदेव सिंह,रविन्द्र मोहन दुबे,रामानंद सिंह,कुमार चमन,छाया कुमारी भी मौजूद थे।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नया वायरस नहीं है- इस वायरस में सर्दी जुकाम की दवाईयां होती है इस्तेमाल

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। चीन की नया वायरस संक्रमण ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से पूरी दुनिया में भयभीत हो गया है और लोग सतर्क भी हो गए हैं। यह वायरस श्वसन तंत्र पर हमला करता है और शुरू में फ्लू (बुखार) जैसे लक्षण दिखते हैं। इस वायरस से ग्रसित व्यक्ति में से किसी-किसी मरीज की स्थिति नाजुक हो जाती है। चीन कोरोना वायरस की जानकारी न देकर पूरी दुनिया को गुमराह किया था। ठीक उसी तरह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के बारे में भी पूरी गोपनीयता बनाये हुए है। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के संबंध में जानकारी मिल रही है। सर्वविदित है कि चीन से आसानी से कोई भी सूचना पाना मुश्किल है, क्योंकि वह सूचनाओं को हरसंभव ढंग से छिपाता है और आधिकारिक रूप से वह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संबंध में अभी भी पूरी गोपनीयता बरत रहा है, जबकि उत्तरी चीन के अस्पतालों में इस वायरस संक्रमण के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बढ़ रहा है। इतना ही नहीं बल्कि संक्रमित व्यक्ति किसी सामान को हाथ लगाता है और उस सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छु दे, तो भी संक्रमित होने का खतरा बताया जा रहा है। भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के अब तक छह मामले सामने आए हैं। इनमें दो बेंगलूरु (कर्नाटक), दो तमिलनाडु, एक गुजरात और एक पश्चिम बंगाल का है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बेंगलूरु में तीन महीने की संक्रमित बच्ची को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि आठ महीने के बच्चे का इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर है। जबकि दोनों बच्चों की इंटरनेशनल ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं है, लेकिन ब्रोन्को न्यूमोनिया की मेडिकल हिस्ट्री है। चिंता की बात यह है कि पांच साल पहले दुनिया में तबाही मचाने वाले कोविड वायरस की उत्पत्ति भी चीन के वुहान से मानी जाती रही है। हालांकि चीन ने कभी इसे स्वीकार नहीं किया है। सूत्रो की माने तो चीन की सरकारी न्यूज वेबसाइट ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, उत्तरी चीन के क्षेत्र के अतिरिक्त बीजिंग, दक्षिण पश्चिमी शहर चोंगकिंग, दक्षिणी चीन के गुआंगदोंग प्रांत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) वायरस का वजूद है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) कोई नया वायरस नहीं है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बात को स्पष्ट किया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से घबराने की जरूरत नहीं है। भारत सांस संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) सांस से संबंधित बीमारी का वायरस है। इससे संक्रमित मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। चीन के रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र के अनुसार ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और घरघराहट शामिल है। ऐसी स्थिति में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित व्यक्ति को टिशू पेपर और रूमाल का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। स्वस्थ्य लोगों के साथ नजदीकी संपर्क, तौलिया आदि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। संक्रमित व्यक्ति को बार-बार आंख, नाक और मुंह को नहीं छूना चाहिए और सार्वजनिक स्थानों पर थूकना भी नहीं चाहिए। संक्रमण को कम करने के लिए कमरों में वेंटिलेशन की व्यवस्था करना चाहिए और घर पर रहना चाहिए और दूसरों से नही मिलना चाहिए। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से बचाव स्वस्थ्य लोगों को खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रूमाल या टिशू पेपर से ढकना चाहिए। अपने हाथों को लगातार साबुन और पानी या अल्कोहल बेस्ड सैनिटाइजर से धोना चाहिए। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचना चाहिए। बुखार, खांसी और छींक आ रही हो तो सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाकर रखना चाहिए और खूब पानी पिना चाहिए और पौष्टिक भोजन करना चाहिए। भारत के चिकित्सकों का मानना है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कोई नया वायरस नहीं है। सर्दियों के समय में इस तरह के संक्रमण के मामले आते हैं। इसमें सर्दी जुकाम के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएं दी जाती हैं।

मिलर स्कूल ग्राउंड में लगेगा इलेक्ट्रिक ट्रेड एक्सपो

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन नव वर्ष पर कर रहा है आयोजन

पटना। बिहार इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन नये वर्ष को यादगार बनाने के लिए 10 से 13 जनवरी तक मिलर स्कूल ग्राउंड पटना में बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक ट्रेड एक्सपो का आयोजन करेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने मंगलवार को बैठक में इसकी जानकारी दी। इस चार दिन के एक्सपो में हर दिन मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। पहले दिन स्टैंडअप कॉमेडियन प्रत्यूष चौबे, दूसरे दिन मैजीशियन तुलसी कार्यक्रम में लोगों का मनोरंजन करेंगे। साथ ही एक व्यंजन मेले का भी आयोजन होगा है। बता दें कि एक्सपो में बिहार सहित देश की छोटी-बड़ी बिजली व सोलर की 55 से अधिक कंपनी के स्टाल रहेंगे। इससे निर्माता कंपनी व बिहार के कारोबारियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर एक-दूसरे से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसमे बिजली उत्पादों के सभी नए नए उत्पादों का प्रदर्शन होगा। इससे आम जनता बिजली के नए नए एवं अत्याधुनिक उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे व बिहार के सभी कारोबारी इसका लाभ उठा सकेंगे। संस्थापक अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बताया कि बिहार के सभी बिजली मिस्त्रियों नए नए उत्पादों की जानकारी देने के लिए 11 जनवरी शनिवार को विशेष व्यवस्था की गई है। इस मौके पर एक्सपो चेयरमैन व युवा व्यवसायी विशाल अग्रवाल ने बताया कि देश की बड़ी कंपनी के पदाधिकारियों ने इस एक्सपो में हर तरह का सहयोग देने का विश्वास दिलाया है तथा एंकर-पैनासोनिक मुख्य प्रायोजक व गोल्ड मेडल इलेक्ट्रिक सह प्रायोजक है। यह एक्सपो अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। सचिव अमित जालान ने बताया इस एक्सपो में करीब 55 से अधिक कंपनियों के स्टॉल लग रहे है। पूरे बिहार में करीब 8000 बिजली दुकानदार , बिल्डर, फ़ैक्ट्री वाले, सरकारी इंजीनियर व ऑर्किटेक्ट एवं आम जनता इसमें आकर नये उत्पादों के बारे में जान सकेगी। बिहार की आम जनता इस एक्सपो में बिजली की नई नई उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

चुनावी वर्ष में तरह-तरह के हतकंडे अपना कर राजनीति रोटी सेंक रहे विपक्षी दलों के नेताः लेशी

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी एवं वरीय नेता प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार छात्रों की सबसे बड़ी हितैषी है। चुकी चुनावी वर्ष है इसलिए विपक्ष के तमाम नेतागण तरह-तरह के हतकंडे अपना कर अपना राजनीति रोटी सेंक रहे हैं लेकिन उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है, असल में विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं की अनर्गल बयानबाजी से एनडीए की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। हमारे नेता पर प्रदेश की आम जनता का भरोसा पहले की तरह आज भी अटूट है। मंत्री ने कहा कि नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए परिवर्तनकारी साबित हुआ है। वहीं, राजद ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में कभी आधी आबादी की सुधि नहीं ली।

टूटते सांस का डोर थामता लाइफलाइन ऑक्सीजन बैंक

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। क्या नही कर सकता है जग में सुरमा इसे साबित कर दिया यह औक्सीजन बैंक आज के इस भौतिक युग मे जहाँ मनुष्य मशीन बन गया है और भौतिक सुखों और पैसा के पीछे पागल हो गया ऐसे में निःशुल्क औक्सीजन सिलेंडर उपलव्ध कराकर यह बैक ने एक भरोसा जीता है लोगो का यह बैंक आईपीएस मनीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में काम कर रहा है । बैंक को औक्सीजन मैन गौरव रॉय एवं वंशी एयर गैस प्लांट के मालिक कुमार गौरव का सहयोग निरंतर मिल रहा है ।कोरोना काल से ही लाइफलाइन ऑक्सीजन बैंक कबीर मठ फतुहा पटना बिहार के द्वारा लगातार जरुरतमंद को निशुल्क फ्री ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करते आ रहा है और कर रहा है और करते रहेगा आज दिन मंगलवार को ग्राम मुहल्ला दरियापुर फतुहा के जरूरतमत श्यामकली देवी उम्र 65 वर्षीय को सांस लेने में दिक्कत हो रहा था तो उनके पुत्र राजेश कुमार बैंक में आकर निवेदन किए इसी के आलोक में कंप्लीट दो ऑक्सीजन सिलेंडर बैक के सचिव शिशुपाल कुमार के द्वारा उपलब्ध कराया गया यह ऑक्सीजन सिलेंडर पूर्व अंचल अधिकारी दनियावां वर्तमान एडिशनल एसपी विवेक दीप एवं पूर्व जेई बिजली विभाग फतुहा सोनू कुमार के द्वारा किया गया जम सहयोग ऑक्सीजन सिलेंडर जरूरत मत लोगों को जान बचाने के लिए दिया गया । ठंड के मौसम में बैंक पर दबाव बढ़ गया है सिलेंडर की मांग बढ़ गया है । बैंक के सचिव शिशुपाल ने लोगो से अपील किया है कि बैंक को सहयोग करे । बैंक के संचालन में पत्रकार आनंद कुमार पाठक, कपिल देव प्रसाद, चंदन पटेल, डॉ राजीव कुमार, डॉ उमेश कुमार यादव, मो राजू, गौरव गुप्ता,राजदीप का सहयोग सराहनीय है ।

छात्रों को मध्याह्न भोजन के समय एक साथ बैठाकर भोजन कराया जाएगा : एसीसएस

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। बिहार के स्कूलों में एक बार फिर से प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति को लागू करने की योजना बनाई गई है। इसकी शुरूआत प्रारंभिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं के वर्ग समूह से की जाएगी। इस संदर्भ में शिक्षा विभाग ने एक नई योजना तैयार की है। जिसमें मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) के संचालन को प्रमुखता दी गई है। इस मामले में एस.सिद्धार्थ ने निर्देश जारी किया है। योजना के तहत, छात्रों को मध्याह्न भोजन के समय एक साथ बैठाकर भोजन कराया जाएगा। इस दौरान बच्चों को समूह में अनुशासनपूर्वक भोजन करने और समूह भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (मध्याह्न भोजन) को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।योजना के अनुसार, बच्चों को एक ही प्रकार की दरी पर बैठाकर भोजन कराया जाएगा। यह व्यवस्था राज्य के 52,000 से अधिक प्रारंभिक स्कूलों में लागू होगी। जिससे करीब 1.09 करोड़ बच्चों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, बच्चों को उनके वजन के अनुसार भोजन प्रदान करने का निर्देश दिया गया है, ताकि वे कुपोषण से बच सकें। इस मामले में डीईओ राजकुमार शर्मा ने कहा कि गुरुकुल पद्धति से बच्चों में अनुशासन, एकता और सहयोग की भावना विकसित होगी। इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है।शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि भोजन क्षेत्र से 200 मीटर की दूरी तक सफाई सुनिश्चित की जाए। बच्चों को कुपोषण और संक्रामक रोगों से बचाने के लिए यह आवश्यक बताया गया है। योजना का संचालन स्कूल के प्रधानाध्यापक की देखरेख में होगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल बच्चों में अनुशासन और समूह भावना का विकास करना है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना भी है। जिन स्कूलों में बच्चों को दरी के बजाय जमीन पर बैठाने की शिकायत मिलेगी, वहां के प्रधानाध्यापक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

राम मंदिर के प्रतिष्ठा द्वादश उत्सव में छपरा की बेटी स्वाति को मिला गायन का मौका

» 11 से 13 जनवरी तक आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शिरकत करेंगे देश के मशहूर गायक

छपरा। अयोध्या श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने पर 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन किया जाना है। उक्त अवसर पर श्रीराम लला मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छपरा की बेटी स्वाती मिश्रा सहित देश के मशहूर गायक भी शिरकत करेंगे और भजन संध्या को यादगार बनाएंगे। बता दें कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को पहले 11:00 बजे गर्भ गृह में श्रराम लला का अभिषेक करेंगे। जिसके बाद अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। उक्त अवसर पर मंदिर परिसर में गर्भ गृह के निकट मंडप में तीन दिवसीय श्रीराम राग सेवा का कार्यक्रम होगा। जिसमें देश भर के 170 से अधिक संत शामिल होंगे। दोपहर 1:00 बजे सीएम योगी अंगद टोला समाज को संबोधित करेंगे और स्वाती मिश्रा का गायन और रामलीला का मंचन होगा। उक्त अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायक सोनू निगम, शंकर महादेवन एवं मालिनी अवस्थी समेत अनेक कलाकार भजन की प्रस्तुति करेंगे। भक्तिमय भजन संध्या में शानदार प्रस्तुति से इस समारोह को यादगार बनाया जाएगा। वही स्वाती मिश्रा ने बताया कि यह उनके लिए सौभाग्य का पल है कि उन्हें भगवान श्रीराम लला के अयोध्या धाम में द्वादशी पर भी प्रस्तुति देने का अवसर मिला है।

अंडर -16 के लिये 13 जनवरी को होगा ट्रायल

छपरा। राजेन्द्र स्टेडियम में पूर्व के सूचना के अनुसार अंडर -16 का बिहार क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों के नाम भेजने हेतु फॉर्म जमा कराया गया। जिसमें लगभग 40 खिलाड़ियों ने अपना फॉर्म डॉक्यूमेंट जमा किया, इन सभी खिलाड़ियों का ट्रायल दिनांक 13 जनवरी को राजेंद्र स्टेडियम छपरा में लिया जाएगा । इस अवसर पर सारण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्रीमती इन्दु कुमारी,पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी,विभूति नारायण शर्मा,पॉल इस्माईल, कैशर अनवर,पूर्व खिलाड़ी प्रशांत सिंह, राजन प्रसाद यादव,कुन्दन शर्मा, समर्थ राज,खालिद राजू मौजूद थे।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद के द्वारा एक बैठक की गई बैठक मे पार्टी को और मजबूत करने और सदस्यता अभियान चलाने की बात किया गया

समस्तीपुर 1 दिनांक 07/01/25 को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद के द्वारा अल्पसंख्यक प्रकोष्ट की बैठक समस्तीपुर के स्थानिय विधायक सह विधान सभा के मुख सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के साथ हुई बैठक में सदस्ता अभियान को लेकर चर्चा की गई साथ ही मैं जिला कमिटी अल्पसंख्यक का भी विस्तार किया गया 1 जिसमे समस्तीपुर जिला सचिव के पद पर मोहम्मद रहमतुल्लाह साहब, जिला कोष अध्यक्ष के पद पर सैयद महताब आलम, जिला उपाध्यक्ष के पद पर नसरीन अंजुम , जिला संगठन सचिव सह प्रवक्ता के पद पर फजले करीम उर्फ़ बब्लू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी, मोहम्मद तालिब को मनोनीत किया गया ? इस मौके पर समस्तीपुर के स्थानिय विधायक सह विधान सभा के मुख सचेतक मननिय अख्तरुल इस्लाम शाहीन , अल्पसंख्याक के जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद, जिला उपाध्यक्ष मो.शाहजहां,जिला महासचिव ज़ेयाउल्लाह उस्मानी ,रजिउल इस्लाम रिज्जू भाई, मो तौफीक, खान भाई, सोनू बाबू, मो.परवेज, कृष्णा जी, आदि मौजुद थे 1

वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा, अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता बने, बधाईयों का लगा तांता

» नये वर्ष में नया तोहफ़ा मिला वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी डॉ अरविन्द वर्मा को

» मुझ पर भरोसा जताने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मदनलाल प्रभातीलाल जायसवाल को आभार - डॉ अरविन्द वर्मा

खगड़िया। नव वर्ष में नया तोहफ़ा मिला फ़रकिया के वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी डॉ अरविन्द वर्मा को। अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदनलाल प्रभातीलाल जायसवाल ने संविधान में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी डॉ अरविन्द वर्मा को सत्र 2024 - 2027 हेतु महत्वपूर्ण राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता पद पर नियुक्त किया। डॉ अरविन्द वर्मा को महासभा के मिले नए दायित्व पर देश भर से मिल रहे बधाईयों का तांता लग गया। अखिल भारतीय स्तर की संस्था में बिहार से एकमात्र डॉ अरविन्द वर्मा ही ही हैं, जिन्हें राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता पद की ज़िम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता डॉ अरविन्द वर्मा ने मीडिया से कहा मुझ पर भरोसा जताने के लिए अहमदाबाद, गुजरात निवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन प्रभातीलाल जायसवाल का प्रति आभार प्रकट करता हूं। डॉ वर्मा ने यह भी कहा अपने कर्तव्य का निर्वाह अवश्य करुंगा। राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता डॉ अरविन्द वर्मा को बधाई देने वालों में प्रमुख हैं राष्ट्रीय महासचिव आदित्य वर्धनम, कृष्ण कुमार जायसवाल, प्रेम कुमार, डॉली देवी, मनीषा जायसवाल, अशोक कुमार, संजय कुमार, प्रदीप भगत, इन्दु प्रभा, ई० अभिषेक, अभिलाष वर्मा, सोनू जायसवाल, शंभु चौधरी, दिलीप भगत, डॉ एच प्रसाद, अनिल जायसवाल, दीपक जायसवाल, अरुण वर्मा, किरण देवी, कैलाश चंद्र तथा अनिल जायसवाल आदि।

समाजसेवी के निधन पर दर्जनों जरूरमंदों के बीच हुआ कम्बल वितरण

नई सोच एक्सप्रेस

समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सियादतपुर आगुवानी पंचायत निवासी समाजसेवी राजेश कुमार सिंह के निधनोपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता डा. सुदर्शन प्रसाद सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत शांति पाठ से हुआ। वहीं सुंदरकांड के दौरान संपूर्ण माहौल भक्तिमय बना रहा। इससे पूर्व आगत अतिथियों ने स्मृतिशेष राजेश कुमार सिंह के तैल चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए यूथ बिग्रेड के संयोजक पदमाकर सिंह लाला ने कहा कि राजेश बाबू न केवल एक सच्चे समाजसेवी,धार्मिक व शालीनता की प्रतिमूर्ति थे। बल्कि मानवीय भावनाओं के सागर भी थे। समाजसेवी कुंदन सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा गरीबों, मजलूमों की सेवा की। वह हमारे बीच नहीं हैं किंतु उनके आदर्श व सिद्धांत हमेशा हम सबको प्रेरणा देते रहेगें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उनके एकलौते पुत्र सूरज कुमार सिंह ने ठंड से बचाव के लिए 125 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि यह कंबल वितरण केवल एक सेवा कार्य नहीं है, बल्कि हमारे पिता के प्रति हमारी श्रद्धा और उनके आदर्शों को साकार करने का माध्यम है। हमारे पिता ने हमें हमेशा समाज सेवा का महत्व सिखाया। यह आयोजन उसी शिक्षा और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।उन्होंने हमें सिखाया कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी ही सबसे बड़ी पूजा है। कंबल वितरण से लाभान्वित हुए बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कंबल प्राप्त करने वाले बुजुर्गों ने इस अवसर पर आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस कठिन समय में उन्हें सर्दी से बचाने के लिए ऐसा प्रयास बेहद महत्वपूर्ण है।अध्यक्षता करते हुए डा. सुदर्शन प्रसाद सिंह ने कहा कि राजेश जी जैसे व्यक्तित्व की स्मृति में इस प्रकार का आयोजन समाज सेवा का सबसे उत्तम उदाहरण है। यह न केवल उनकी स्मृति को जीवंत रखता है, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा भी देता है। मौके पर मदन गोपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, किशोर कुमार सिंह, हेमंत सिंह, यशवंत कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, संदीप कुमार पाठक,अनिकेत सिंह, रवि कुमार सिंह, गोपाल यादव, राम एकबाल सिंह, रौशन सिंह, अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

नई सोच एक्सप्रेस

जहानाबाद। जिले के परस बीघा थाना क्षेत्र के अंतर्गत केंदुई गांव में दर्दनाक सड़क में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मृतक की पहचान केंदुई गांव निवासी अमरेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे के वक्त अमरेश कुमार सुबह टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी तब मिली जब गांव के एक दुकानदार ने शव को सड़क किनारे देखा। उन्होंने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा शोक जताते हुए प्रशासन से अपील की है कि अज्ञात वाहन चालक की जल्द से जल्द पहचान कर कार्रवाई की जाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के सी.सी.टी.वी फुटेज खंगाल रही है। यह घटना एनएच-33 पर हुई। जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चलने वाले वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

12 नाबालिगों को कराया गया मुक्त, तीन आर्केस्ट्रा संचालक गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस

छपरा। सारण जिले में आर्केस्ट्रा में नाबालिगों के शोषण के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देशन में बनियापुर, जलालपुर और कोपा थाने की संयुक्त टीम ने छापामारी कर 12 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया और तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को गिरफ्तार किया। इस ऑपरेशन में चाइल्ड लाइन छपरा और मिशन मुक्ति एनजीओ के सदस्य भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि यह छापामारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के आलोक में की गई। मुक्त कराई गई लड़कियों में पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के विभिन्न जिलों से संबंधित नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में रितेश कुमार साह (सिवान), आनंद कुमार (कुशीनगर) और दीपक कुशवाहा (सारण) शामिल हैं। इन पर पोक्सो अधिनियम, बंधुआ मजदूर प्रथा और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। सारण पुलिस का कहना है कि इस तरह के अभियानों को लगातार जारी रखा जाएगा और जनता से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है।

लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

युवाओं को वैश्विक 'रोल मॉडल' के रूप में उभारने का नेक प्रयास

नई सोच एक्सप्रेस

[लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव यह संदेश देना चाहते हैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों परिवेशों में, सार्वजनिक स्कूल प्रणाली को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि प्रत्येक बच्चा हाई स्कूल तक की शिक्षा पूरी करे और कौशल, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक शिक्षा की ओर आगे बढ़े। अनुसंधान एवं विकास के विस्तार और क्वांटम प्रौद्योगिकी, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि क्षेत्रों के स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने से बिहार को अपने हित में उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने और बिहारी युवाओं को वैश्विक 'रोल मॉडल' के रूप में उभारने हेतु अनुभव एवं कौशल प्रदान करने में मदद मिल सकती है। | भारत के 95% से अधिक बच्चे प्राथमिक स्कूल में नामांकित होते हैं, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पुष्टि करते हैं कि सरकारी स्कूलों में बदतर बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी और बाल कुपोषण ने बदतर 'लर्निंग आउटकम' और ड्रॉपआउट अनुपात में वृद्धि जैसे परिणाम दिये हैं। मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज़ मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करके शिक्षा की दुनिया को बदल रहे हैं। एमओओसी वेब-आधारित मुफ्त दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम है जो शिक्षा के क्षेत्र में भौगोलिक रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। यह उच्च शिक्षा, कार्यकारी शिक्षा और कर्मचारी विकास के लिये मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के ज़रिये दुनिया के किसी भी कोने में लोगों को इंटरनेट के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती हैं। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव यह संदेश देना चाहते हैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों परिवेशों में, सार्वजनिक स्कूल प्रणाली को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि प्रत्येक बच्चा हाई स्कूल तक की शिक्षा पूरी करे और कौशल, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक शिक्षा की ओर आगे बढ़े। अनुसंधान एवं विकास के विस्तार और क्वांटम प्रौद्योगिकी, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि क्षेत्रों के स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने से बिहार को अपने हित में उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने और बिहारी युवाओं को वैश्विक 'रोल मॉडल' के रूप में उभारने हेतु अनुभव एवं कौशल प्रदान करने में मदद मिल सकती है। दुनिया में उच्च शिक्षा के उज्ज्वल भविष्य के लिये एमओओसी को महत्त्वपूर्ण माना जा रह है। एमओओसी विशेष तौर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और चिकित्सा क्षेत्र में ऐसे छात्रों के लिये अंतिम विकल्प बन गए हैं जो सीधे तौर पर विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने में असक्षम हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2018-19 के अनुसार, भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश वर्ष 2041 के आसपास अपने चरम पर होगा, जब कामकाजी आयु (20-59 वर्ष) की आबादी की हिस्सेदारी 59% तक पहुँचने का अनुमान है। यह भारत के आर्थिक विकास के लिये वृहत संभावनाओं के द्वार खोलता है। भारतीय जनसंख्या की विषमता के कारण विभिन्न राज्यों में जनसांख्यिकीय लाभांश की खिड़की अलग-अलग है। केरल की आबादी पहले ही वृद्ध हो रही है, जबकि बिहार के कार्यबल में वर्ष 2051 तक वृद्धि होने का अनुमान है। इस परिस्थिति में एमओओसी बिहार की शिक्षा प्रणाली को मजबूती प्रदान करेगा। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को बिहार में विकसित करने के लिए युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव लगातार कर रहे है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से सॉफ्टवेयर का शिक्षा प्रदान करने के लिए एक प्रयास किया भी जा रहा है। बैगलोरू से बिहारी इंजीनियरों के द्वारा मिलकर इसका सफ़ल संचालन का कार्य किया जा रहा हैं हालाकि यह मुफ़्त शिक्षा दान के तहत किया जा रहा है। लेकिन अगर इसे स्टार्टअप के रुप में लिया जाएं और प्रोत्साहित किया जाएं तो बिहार की शिक्षा प्रणाली में बेहतरी निश्चित आएगी क्योंकि शिक्षक अच्छे पढ़े लिखे होंगे और छात्र छात्राओं को पसंदीदा शिक्षक चुनने का अधिकार मिल जाएगा। आइए मिलकर लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान को जन जन तक पहुंचाते हैं और बिहार को प्रेरित करते हैं।

सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख का संयुक्त जयंती समारोह मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस

» सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख सामाजिक क्रांति की अग्रदूत थीं- बंदना सिंह

» सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं की हो प्रताड़ना, हत्या, अपराध, ब्लातकार, दहेज हत्या के खिलाफ संघर्ष तेज करें- ऐपवा

समस्तीपुर/ताजपुर। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ऐसोसिएशन (ऐपवा) द्वारा घोषित 3 से 9 जनवरी तक राज्यव्यापी सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख जयंती सप्ताह के तहत मंगलवार को ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र के बहादुरनगर वार्ड संख्या 1 में सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख का संयुक्त जयंती मनाई गई। महिला कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा जिला अध्यक्ष बंदना सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख प्रथम महिला शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने के साथ समाज में फैले कुरीतियों-अंधविश्वासों के खिलाफ महिलाओं को जागरूक किया। इन्होंने बाल-विवाह के खिलाफ महिलाओं को जागरूक किया। विधवा विवाह पर रोक के खिलाफ मुखर रहीं। आगे ऐपवा नेत्री ने कहा कि आज देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत का बीज बोया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हिंदू सावित्रीबाई फुले एवं मुस्लिम फातिमा शेख की मिशाल बनी बहनापा से प्रेरणा लेकर नफरत के खिलाफ एकता का माहौल बनाकर शिक्षा का निजीकरण के खिलाफ एवं समान शिक्षा

प्रणाली लागू करने समेत महिलाओं पर बढ़ते प्रताड़ना, दमन, हिंसा, हत्या, ब्लातकार के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा। सभा की अध्यक्षता रजनी देवी ने की जबकि सभा को संबोधित रधिया देवी, नीलम देवी, खेग्रामस के प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता, भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया। अंत में भाकपा माले द्वारा पटना के गांधी मैदान में 9 मार्च को होने वाला महाजुटान बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन कप के लिए रोहन का बिहार सीनियर टीम के लिए हुआ चयन

नई सोच एक्सप्रेस

जहानाबाद। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बिहार सीनियर सॉफ्ट टेनिस टीम में होनहार खिलाड़ी रोहन ने अपनी जगह बना ली। आगामी 9 जनवरी से 11 जनवरी तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन कप में वह बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी जहानाबाद सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के कोच सह अध्यक्ष सूरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सॉफ्ट टेनिस जो एशियाई खेलों का एक अहम हिस्सा है। रोहन के चयन पर जहानाबाद के सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। सभी जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रोहन की इस उपलब्धि से जहानाबाद जिले का गौरव बढ़ा है जिससे और अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

प्रदीप सर्राफ बने पूर्वी चंपारण के सांसद प्रतिनिधि

नई सोच एक्सप्रेस

सुगौली। बेतिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने पूर्वी चंपारण के सांसद प्रतिनिधि के के रूप में बीजेपी के वरीय नेता प्रदीप सर्राफ को किया नियुक्त किया है। डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा कि लोकसभा में मुख्य सचेतक के दायित्व के कारण लोकसभा सत्र के दौरान मुझे समय भी नहीं मिल पाता है । फिर संयुक्त संसदीय समिति में वक्फ बोर्ड तथा वन नेशन वन इलेक्शन के सदस्य के रूप में हफ्ते में तीन से चार दिन दिल्ली जाना पड़ता है।इसके अलावा भाजपा संगठन की ओर से मुझे हरियाणा, झारखंड, बंगाल एवं असम में माननीय सुनील बंसल जी के साथ सह चुनाव प्रभारी का दायित्व है। उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद का भी चुनाव कराने की जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे दी है।भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता होने के नाते पार्टी के सभी आदेशों का ईमानदारी से निर्वहन करने का प्रयास करता हूं । परंतु इस कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र की बहुत सारी बैठकों में अनुपस्थिति हो जाती है। *इसलिए मैंने निर्णय लिया है कि मेरी अनुपस्थिति में पूर्वी चंपारण के सभी बैठकों में प्रदीप कुमार सर्राफ सांसद प्रतिनिधि के रूप में मेरे कार्यों को पूरा करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी अनुपस्थिति में क्षेत्र की जनता के कार्य एवं जिला के विभिन्न अधिकारियों के साथ समन्वय कार्यकर्ता का काम कर जन समस्याओं को दूर करवाएंगे। प्रदीप सर्राफ को पूर्वी चंपारण के सासंद प्रतिनिधि बनाया जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास शर्मा, भाजपा के वरीय नेता रामगोपाल खंडवाला सुगौली चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अशोक कुमार शहीद दर्जनों भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मिल रहा है रोजगार

नई सोच एक्सप्रेस

सुगौली। प्रखंड के दक्षिणी श्रीपुर पंचायत के भटवलिया गांव में मिल्की इंटरप्राइजेज के द्वारा निर्देशक सुकन साह के अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्रमुख प्रतिनिधि शम्भू साह, पैक्स अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह,मोहसिन कलाम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उप प्रमुख श्री साह ने कहा कि सुकन साह के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित कर सैकड़ों लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। मिल्की इंटरप्राइजेज का हिम चोरी उत्पादन पुरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हो गया है। इस उद्योग से स्थानीय किसान नगदी फसल का उत्पादन कर सही कीमत ले रहे हैं। किसानों को भी अपनी सामग्री बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो रही है। पैक्स अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि सुकन साह जी के द्वारा लगाए गए उधोग से काफी लोगों को फायदा हो रहा है। अब इससे रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इसके लिए ऐ बधाई के पात्र हैं। सुकन साह ने कहा कि मैं खुद दुसरे जगह रहकर काम करता था। और काफी परिश्रम करने के बाद कुछ पुजी जमा की। जिसके बाद मैंने अपना उद्योग लगाया ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। सुकन साह को उप प्रमुख प्रतिनिधि श्री साह, पैक्स अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। वहीं सुकन साह के द्वारा फैक्ट्री के कर्मचारियों एवं बावर्चियों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें उपहार दी गई। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत झा,अभिनव अभिषेक ने किया।मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि शंभु साह,पैक्सध्यक्ष मोहसिन कमाल,अजय श्रीवास्तव, जोगिंदर साह, रामचन्द्र महतो,भडु साह,अंशु झा,भरत प्रसाद, राकेश प्रसाद,नितेश प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे

प्रयागराज। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज आज मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे। अंदावा मोड़ पर ब्रम्हचारी मुकुन्दानन्द जी के नेतृत्व में अगुवानी करते हुए उनका भव्य स्वागत किया गया। मनकामेश्वर मंदिर पहुंचने पर वहां के महंत श्रीधरानन्द जी ने वहां पर स्वागत किया। शंकराचार्य जी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार साथ में उपस्थित रहे। कल 8 जनवरी को सुबह जगद्गुरु शंकराचार्य जी तीर्थ राज प्रयागराज की त्रिशक्ति महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती स्वरूपा भगवती कल्याणी देवी भगवती ललिता देवी, भगवती अलोपशंकरी देवी जी और साथ ही भगवान वेणीमाधव जी के दर्शन करेगें तथा 9 जनवरी को शंकराचार्य जी कुम्भ क्षेत्र में प्रवेश करेंगे।उक्त जानकारी शंकराचार्य जी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है।

बिहार के बेतिया में नये लक्ज़री कॉनप्लेक्स सिनेमाघर का आगमन

बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिले में स्थित बेतिया में एक अत्याधुनिक सिनेमाघर का आगमन हो गया है जिसे स्थानीय फ़िल्म दर्शकों की सुविधा और अनुभव प्रदान कराने के मद्देनज़र निर्मित किया गया है। बेतिया के लोग हमेशा से ही सिने-प्रेमी रहे हैं और हर तरह की फ़िल्में देखने के शौकीन रहे हैं। मगर यहां पर हमेशा से ही आधुनिक सुविधाओं से सज्ज एक उम्दा सिनेमाघर की कमी शिद्दत से महसूस की जा रही थी। कॉनप्लेक्स सिनेमास लिमिटेड की ओर से बेतिया में एक अत्याधुनिक थिएटर का निर्माण किया गया है जो देखते ही देखते स्थानीय निवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस मिनी थिएटर का नाम कॉनप्लेक्स सिनेमास सिग्नेचर रखा गया है जो बेतिया के संत कबीर रोड़, बनुछप्पड़ फ़्रंट, आनंद मार्ग स्कूल के पास स्थित है। इस नये सिनेमाघर के खुलने से दर्शकों में यहां आकर अपनी पसंदीदा फ़िल्में देखने के लिए ख़ासा उत्साह देखा जा रहा है और लोग बड़ी तादाद में यहां फ़िल्में देखने के लिए पहुंच रहे हैं. कॉनप्लेक्स सिनेमास लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक श्री राहुल ध्यानी व श्री अनीष पटेल ने एक साझा बयान के माध्यम से कहा, "कॉनप्लेक्स सिनेमास लिमिटेड को अपने नवीन किस्म के शोधों और प्रौद्योगिकी में अपनी दक्षता के लिए जाना जाता रहा है। दर्शकों के नज़रिए से गुणवत्ता को निखारने के लिए टीम कॉनप्लेक्स विभिन्न तरह के आइडियाज़ पर लगातार काम करता रहता है और दर्शकों को सर्वश्रेष्ठ किस्म के ऑफ़र्स का लाभ हासिल करने का मौका देता है. कॉनप्लेक्स हमेशा से ही विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी के माध्यम से कंपनी दर्शकों को सिनेमाई उत्कर्ष का आनंद प्रदान करने में यकीन करता आया है। ये देश का पहला और सबसे तेज़ी से आगे बढ़ने वाले स्मार्ट मिनी थिएटर्स की उत्कृष्ट श्रृंखला है जिसकी लोकप्रियता देश भर में दिनों दिन बढ़ती ही चली जा रही है इस सिनेमाघर को बनाते वक्त दर्शकों को किफ़ायती दामों पर फ़िल्में दिखाने के साथ-साथ उन्हें लक्ज़री माहौल प्रदान करने का भी पूरा ध्यान रखा गया है कंपनी अगले कुछ महीनों में 200 नये स्क्रीन्स को स्थापित करने की योजना रखती है जिससे एक्ज़िबिशन सेक्टर को और भी मज़बूती मिलेगी। इतना ही नहीं, इससे ज़्यादा से ज़्यादा दर्शकों को अत्याधुनिक सिनेमाघरों में अपनी पसंदीदा फ़िल्मों देखने का विकल्प प्राप्त होगा।

वेदांता ग्रुप बना ईएसजी में ग्लोबल लीडरः एस एण्ड पी ग्लोबल कॉपरिट सस्टेनेबिलिटी असेसमेन्ट 2024 में हिंदुस्तान ज़िंक पहले और वेदांता पांचवें स्थान पर

पटना। प्राकृतिक संसाधनों एवं टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर वेदांता लिमिटेड ने एनवायरनमेन्ट, सोशल एण्ड गवर्नेन्स (ईएसजी) एक्सीलेन्स में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। वेदांता ग्रुप को प्रतिष्ठित एस एण्ड पी ग्लोबल कॉपरिट सस्टेनेबिलिटी असेसमेन्ट (सीएसए) 2024 में 248 धातु एवं खनन कंपनियों में से 5वें स्थान पर रखा गया है। ग्रुप की सब्सिडरी हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड को लगातार दूसरे साल नंबर 1 ग्लोबल रैंकिंग मिली है, वहीं वेदांता एलुमिनियम को एलुमिनियम उत्पादकों में दूसरे स्थान पर रखा गया है। उल्लेखनीय है कि वेदांता और हिंदुस्तान ज़िंक एकमात्र भारतीय कंपनियां हैं जो ग्लोबल टॉप टैन रैंकिंग में रहीं हैं। इस उपलब्धि पर बात करते हुए प्रिया अग्रवाल हेब्बर, नॉन-एक्ज़िक्टिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड और चेयरपर्सन, हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने कहा, मुझे गर्व है कि एस एण्ड पी ग्लोबल कॉपरिट सस्टेनेबिलिटी असेसमेन्ट 2024 में हिंदुस्तान ज़िंक को लगातर दूसरे साल नंबर 1 रैंकिंग मिली है और वेदांता टॉप 5 में रही है। हमारी रैंकिंग प्रशासन में उत्कृष्टता, समाज पर सकारात्मक प्रभाव और स्थायित्व के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वेदांता एलुमिनियम दुनिया की सबसे स्थायी एलुमिनियम उत्पादकों में से एक है- जो सकारात्मक बदलाव पर हमारे फोकस की पुष्टि करता है। हमें उम्मीद है कि हम आने वाले समय में भी विश्वस्तरीय पैमाने पर स्थायित्व की दिशा में अपने इन प्रयासों को जारी रखेंगे। एस एण्ड पी ग्लोबल सीएसए को दुनिया के सबसे व्यापक ईएसजी बेंचमार्क में से जाना जाता है, जो ईएसजी मापदण्डों के लिए कंपनियों का मूल्यांकन करता है। यह रैंकिंग विश्वस्तरीय पर स्थायित्व के मानकों को अपनाने, कारोबार की ज़िम्मेदाराना प्रथाओं को बढ़ावा देने तथा सभी हितधारकों को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने की वेदांता ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हिंदुस्तान ज़िंक को मुख्य मानकों जैसे क्लाइमेट स्ट्रैटेजी, कम्युनिटी रिलेशन्स, वेस्ट एण्ड पॉल्युटेन्ट्स में दुनिया भर में सर्वाच्च-86 का स्कोर मिला है। एस एण्ड पी ग्लोबल सीएसए में वेदांता ग्रुप की उपलब्धियां ईएसजी में ग्लोबल लीडर के रूप में इसकी भूमिका को दर्शाती है। सशक्त प्रशासन प्रथाओं, आधुनिक पर्यावरण रणनीतियां एवं समाज पर गहरे प्रभाव के साथ वेदांता स्थायी और ज़िम्मेदाराना कारोबार प्रथाओं के लिए नए मानक स्थापित कर रही है। वेदांता ने शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में अपनी यात्रा को गति प्रदान की है। इसका समग्र दृष्टिकोण आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कंपनी के दृष्टिकोण की पुष्टि करता है।

मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति ने बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति से शिष्टाचार किया मुलाकात

गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो एसपी शाही ने बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति माननीय आरिफ मोहम्मद खां से शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान कुलपति प्रो शाही ने विश्वविद्यालय की प्रगति शैक्षणिक गतिविधियों और नई योजनाओं की जानकारी दी। प्रो शाही ने विश्वविद्यालय में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों और कार्यक्रमों से अवगत कराया। वहीं राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा और शोध के क्षेत्र में और अधिक सुधार के लिए सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता और विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

एसएफसी बना भ्रष्टाचार का अड्डा, मिलर संघ ने खोला मोर्चा

नई सोच एक्सप्रेस

गया। गया जिले में सीएमआर की चावल जमा करने में गड़बड़झाला का आरोप लगाते हुए मिलर संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है।मिलर संघ के अध्यक्ष अजय कुमार एवं अन्य मिलर ने बताया कि जिले में सीएमआर केंद्रों पर कार्यरत सहायक प्रबंधक और गुणवत्ता नियंत्रक के द्वारा मानक के अनुरूप चावल लिए जाने पर भी चावल जमा लिए जाने में आनाकानी की जा रही है।इसी बात को लेकर मिलर संघ ने मंगलवार को बाजार समिति में स्थित गोदाम में मोर्चा खोल दिया। मिलर संघ ने आरोप लगाया कि सीएमआर संग्रहण केंद्रों पर कार्यरत सहायक प्रबंधक और गुणवत्ता नियंत्रक के द्वारा लेवी वसूल की जाती है।प्रति लॉट चावल जमा करने के एवज में 12 हजार रुपए लिया जाता है।इतना ही नहीं 50 किलो 580 ग्राम के बजाय प्रति बोरा में 51 किलोग्राम 300 ग्राम चावल लिया जाता है। सीएमआर गोदाम पर जमकर भ्रष्टाचार कायम है। बताया जाता है कि पैक्स से लेकर मिलर तक वसूली होती है,करोड़ो के खेल में अधिकारी भी शामिल है। जिले के कई पैक्स अध्यक्ष और मिलर से जानकारी लेने और इसकी सत्यता की जांच करने पर एसएफसी में अवैध वसूली का काला चिट्ठा सामने आया है। सबसे पहले पैक्स अध्यक्ष के द्वारा किसानों से धान की खरीद की जाती है।जिसमें प्रति क्विंटल 4 से 5 किलोग्राम अधिक धान किसानों से खरीद किया जाता है। अधिक धान लिए जाने का कारण नमी बताया जाता है।अब पैक्स अध्यक्ष धान को मिलर के पास जमा करते है।अब मिलर भी उसी धान में नमी बता कर 5 किलो से लेकर 11 किलो प्रति क्विंटल अधिक धान पैक्स अध्यक्ष से लेते हैं।भ्रष्टाचार यही खत्म नहीं होता है अब सीएमआर संग्रहण केंद्रों पर तैनात सहायक प्रबंधक का असली खेल शुरू होता है। पैक्स अध्यक्ष के बजाय मिलर ही चावल जमा करने का ठीका ले लेते हैं।मिलर के द्वारा एक बोरा का वजन 50 किलो और बोरा के एवज में 580 ग्राम जमा करने का नियम है।लेकिन इसके बदले सहायक प्रबंधक 51.200 किलोग्राम अधिक चावल लेते हैं।एक लॉट यानी 290 क्विंटल चावल जमा करने में लगभग साढ़े 3 क्विंटल अधिक चावल मिलर को जमा करना होता है।इतना ही नहीं मिलर से बोरा ढुलाई के नाम पर 12 हजार वसूली होती है।जो मिलर पैसा देने में मना करते हैं।उनका ट्रक कई दिनों तक गोदाम कैंपस में खड़ा रहता है।सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार बाजार समिति में स्थित गोदाम में होता है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पौधारोपण सबसे सरल उपाय है--धनंजय

नई सोच एक्सप्रेस

जहानाबाद। जल-जीवन-हरियाली के अंतर्गत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण एवं मनरेगा द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पौधारोपण को सबसे सरल उपाय बताया। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और उनकी उत्तरजीविता को बनाए रखना चाहिए। इसके साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। 267 सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।1640 सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं का जीर्णोद्धार कराया गया। सार्वजनिक चापकलों एवं कुओं के किनारे 2300 सोख्ताओं का निर्माण कराया गया है। वित्तीय वर्ष में 2024–25 में कुल 1.93 लाख वृक्षारोपण मनरेगा से करवाया गया है। इस कार्यक्रम में जल संरक्षण पर भी जोर दिया गया। इसमें तालाब/पोखर, आहार, पईन का निर्माण, सोखता निर्माण, चेक डैम, निजी खेत पोखरी निर्माण शामिल है। जिले ने वर्ष 2024-25 के लक्ष्य को लगभग पूरा करते हुए राज्य में तीसरा रैंकिंग हासिल किया है। इस अवसर पर निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला मिशन प्रबंधक जल जीवन हरियाली अभियान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नमामि गंगे, पंचायत रोजगार सेवक एवं इस अभियान के अंतर्गत आने वाले सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कैलाश खेर ने संगीतमय कार्यक्रम बासा बरन में किया मंत्रमुग्ध, नन्ही गूंज फाउंडेशन के सहयोग से आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

बालुरघाट (पश्चिम बंगाल)। म्यूजिकल इवेंट बासा बरन (Basha Baran) २०२५ का आयोजन नन्ही गूंज फाउंडेशन के सहयोग से पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में हजारो लोगो की उपस्थिति में किया गया। हर घर में सुख शान्ति, समृद्धि, लक्ष्य प्राप्ति, नव वर्ष की शुभकामना के साथ संगीत का मंचन कैलाश खेर की कैलासा टीम द्वारा बालुरघाट, पश्चिम बंगाल में हुआ॥ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसके आयोजक पीएम नरेंद्र मोदी के कर्मठ सिपाही, केंद्र में मंत्री सुकांता मजूमदार द्वारा किया गया जिन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से नव वर्ष का शुभारम्भ आध्यात्म और संगीत के संगम के साथ किया। इसके सफल आयोजन में यूनियन बैंक, ओएनजीसी, आरईसी, एसबीआई, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, गेल इंडिया, पॉवर ग्रिड, न्यू इंडिया इन्शुरन्स, एलआईसी, आईआरसीटीसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईएल, एनटीपीसी ने स्पॉन्सरशिप की। दिव्यांग व्यवसायी नन्ही गूंज फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री नीलोत्पल मृणाल ने सारे स्पॉन्सर्स और शामिल हुए लोगो को बधाई और शुभकामना दी। इस तरह का कार्यक्रम युवाओं और आम जनता के बीच आपसी भाई चारा और सोशल कल्चरल हार्मोनी को बढ़ावा देता है। नन्ही गूँज और श्री नीलोत्पल मृणाल ने भविष्य में देश के कोने कोने में खेल स्पर्धा और सांस्कृतिक कार्यक्रम से युवा पीढ़ी को जोड़ने का संकल्प लिया है।

कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद तीन हजार श्रमिकों को बांटे कंबल

नई सोच एक्सप्रेस

आबू रोड (राजस्थान)। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मुख्यालय शांतिवन द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद तीन हजार श्रमिकों को कंबल बांटे गए। 18 जनवरी ब्रह्मा बाबा के 56वें पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शांतिवन सहित संस्थान के अन्य परिसरों में सेवाएं दे रहे श्रमिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम बताते हुए उन्हें नशे से दूर रहने का भी संकल्प कराया गया। मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी लाल ने कहा कि आप सभी भाग्यशाली हैं कि शांतिवन में विश्वभर से लोग अपनी आध्यात्मिक उन्नति और योग-साधना के लिए पहुंचते हैं, ऐसे स्थान पर आप सभी को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करने का मौका मिला है। आप सभी भगवान के घर में भगवान के बच्चे हो। बहुत खुशी की बात है कि सभी श्रमिक भाई-बहनें अपना घर समझकर पूरी लगन से सेवा करते हैं। डॉ. बीके सविता दीदी ने कहा कि आप सभी की अथक मेहनत का परिणाम है कि शांतिवन सहित सभी परिसरों में इतनी स्वच्छता और साफ-सफाई रहती है। यहां की स्वच्छता से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति सीख लेकर जाते हैं। सभी की सेवा अपने आप में महत्वपूर्ण है। बीके कविता दीदी ने कहा कि सभी अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर कुछ समय मेडिटेशन जरूर करें। इस मौके पर रेडियो मधुबन से बीके कृष्णा दीदी, इंजीनियर बीके रमेश भाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा ने सुशील कुमार मोदी के जयंती के पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

» 100 मरीजों का स्वास्थ्य परिक्षण किया

नई सोच एक्सप्रेस

कटिहार। भारतीय जनता पार्टी जिला कटिहार की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना झा के नेतृत्व में सुशील कुमार मोदी के जयंती के पर इंडोर स्टेडियम न्यू मार्केट में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 100 मरीजों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया एवं उन्हें निशुल्क दवा भी वितरण की गई। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा जिला के अध्यक्ष मनोज राय, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल एवं मेयर उषा अग्रवाल, महिला चिकित्सक डॉ रंजना झा ने भाग लिया।भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना झा ने बताया कि महिला चिकित्सक डॉ रंजना झा के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष शोभा जयसवाल, चांदनी देवी, श्वेता राय, भारती देवी, गीता देवी, आरती चौधरी, रीना तिवारी, रुचि कुमारी, अर्चना देवी, नीतू पासवान, बुला सिंह, ज्योति शाह, आशा देवी, जया कुमारी,सरिता जायसवाल,उत्तरी मंडल, अध्यक्ष राजेश शर्मा, सुमन कुमार ने भाग लिया।

वी और लायन्सगेट ने वी मुवीज़ एण्ड टीवी पर प्रीमियम कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए की साझेदारी

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने प्रीमियम स्ट्रीमिंग सर्विस लायन्सगेट प्ले के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जिसके साथ उपभोक्ता टॉप-टियर कंटेंट की एक्सक्लुज़िव लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। एक्शन ब्लॉकबस्टर्स, आईकोनिक फ्रैंचाइज़, प्रतिष्ठित फिल्मों और सीरीज़, ग्लोबल अवॉर्ड्स, एक्सक्लुज़िव प्रीमियर तथा डब्ड कंटेंट की व्यापक रेंज के साथ लायन्सगेट एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। इस साझेदारी के साथ वी का ओटीटी पोर्टफोलियो और भी विस्तारित हो गया है जो उपभोक्ताओं को किफ़ायती दाम पर हॉलीवुड फिल्मों, ओरिजिनल सीरीज़, इंटरनेशन टाइटल्स की प्रीमियम लाइब्रेरी का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। उपभोक्ताओं की मनोरंजन संबंधी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए वी मुवीज़ एण्ड टीवी को डिज़ाइन किया गया है, जहां उपभोक्ता सिंगल ऐप और सिंगल सब्सक्रिप्शन के ज़रिए टॉप ओटीटी का आनंद उठा सकते हैं। वे कंटेंट की व्यापक रेंज का लुत्फ़ उठा सकते हैं, जिसमें स्पोर्ट्स के लिए डिज़नी प्लस हॉटस्टार, सोनी लिव, ज़ी 5, फैनकोड और रीजनल कंटेंट के लिए सन नेक्स्ट, मनोरमा मैक्स, नम्माफ्लिक्स, क्लिक, चौपाल, और अब लायन्सगेट प्ले के साथ सर्वश्रेष्ठ हॉलीवुड शामिल हैं। ये 30 से अधिक लाईव न्यूज़ चैनलों सहित 300 से अधिक लाईव टीवी चैनल भी पेश करता है। उपभोक्ता वी मुवीज़ एण्ड टीवी ऐप के ज़रिए स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी और लैपटॉप या टैबलेट पर इन सभी कंटेंट का आनंद उठा सकते हैं। लायन्सगेट प्ले के साथ, वी मुवीज़ एण्ड टीवी के यूज़र अब ग्लोबल हिट्स की व्यापक लाइब्रेरी का लुत्फ़ उठा सकते हैं जिसमें ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइज़ जैसे जॉन विक, द हंगर गेम्स और सॉ तथा स्टैण्डआउट टाइटल जैसे पास्ट लाईव्स, टोकयो वाईस, पेरिस हैज़ फॉलन, नॉर्मल पीपल, ऑपरेशन फॉर्च्यून, प्लेन, हिटमैन्स वाईफ्स बॉडीगार्ड, द आयरन क्लॉ, द बीकीपर, आरकेडियन आदि शामिल हैं। इसके अलावा यूज़र प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो जैसे प्राइमटाईम एम्मी अवॉर्ड्स, गोल्डन ग्लोब्स, क्रिटिक्स चॉइस और बाफ्ता अवॉर्ड्स का भी एक्सेस पा सकते हैं। इस तरह वी मुवीज़ एण्ड टीवी के सब्सक्राइबर सर्वश्रेष्ठ, प्रीमियम, विश्वस्तरीय एंटरटेनमेन्ट का अनुभव पा सकते हैं। लायन्सगेट प्ले के साथ यह साझेदारी इनोवेशन एवं सर्वश्रेष्ठ एंटरटेनमेन्ट उपलब्ध कराने की वी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपनी पेशकश में लायन्सगेट प्ले जैसे जाने-माने प्लेटफॉर्म्स को शामिल कर वी भारतीय दर्शकों की बदलती पसंद के अनुसार बेहतरीन कंटेंट लेकर आता है।

लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करेंगेः चिन्मय दावड़ा

नई सोच एक्सप्रेस

» राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का बिलासपुर में आयोजन

बिलासपुर, छत्तीसगढ़। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली रिवर व्यू से प्रारंभ हुई और शहर के प्रमुख मार्गो से हुए हुए पुलिस परेड ग्राउंड मैं सम्पन्न हुई। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित यातायात का संदेश देना और लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना था। पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन और दावड़ा यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर "हेलमेट बाइक रैली" में शामिल हुए और लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक किया! श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी के चेयरमैन चिन्मय दावड़ा ने कहा कि वे लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे! इस आयोजन में अध्यक्ष पायल शब्द लाठ, पूनम अग्रवाल एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे! आइए, हम सब मिलकर सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाएं! यह आयोजन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य देशभर में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है'।

चौसा स्थित पावर प्लांट के कर्मचारियों ने मनाया गुरु गोविंद सिंह जी का जन्मदिन

नई सोच एक्सप्रेस

बक्सर। गुरु गोविंद सिंह जी का जन्मदिन एसजेवीएन पावर प्लांट के पास समारोह पूर्वक मनाया गया। पावर प्लांट के सभी कर्मचारी वहां पर एकत्र हुए और गुरु गोविंद सिंह जी तथा गुरु नानक देव जी की मूर्तियों के सामने अरदास की। अरदास सिख धर्म की एक पवित्र प्रार्थना है, जो किसी भी धार्मिक आयोजन, कार्य की शुरुआत, या दिनचर्या में की जाती है। इसका उद्देश्य परमात्मा, गुरु साहिबान और सिख समुदाय की बलिदानी परंपरा को याद करते हुए आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त करना है। इस मौके पर सभी कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। लंगर के रूप में गोभी फ्राई, ब्रेड पकोड़ा,गरम बादाम दूध आदि परोसा गया। गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब, बिहार में हुआ था। आधुनिक समय में, यह उत्सव दिसंबर या जनवरी में पड़ता है। सिख समुदाय अरदास (प्रार्थना), कीर्तन और संगत के माध्यम से उनके उपदेशों और योगदानों को याद कर उनका सम्मान करते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी का महत्वः उन्होंने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की, जिससे सिखों को एक विशिष्ट पहचान, समानता, साहस व न्याय के सिद्धांत दिए। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के अंतिम संस्करण का संकलन किया और इसे सिखों का अंतिम व शाश्वत गुरु घोषित किया।उन्होंने त्याग, निडरता और धर्म के प्रति समर्पण के सिद्धांतों पर जोर दिया।

दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बना मध्य प्रदेश

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आज़ादी नहीं पहुँची। वह गाँव आज़ाद नहीं है। आज़ादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है। एक तरफ़ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ़ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं। दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं। हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यादा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हें भी आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है। अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हज़ार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हज़ार 214 मामले दर्ज किए गए। ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज़्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है। एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2,521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। इन तीन सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदिवासियों के घर जलाए गए। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज बची ही नहीं है। राज्य में जो हत्याएं और यातनाएं हो रही हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बार-बार बेनकाब हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि पिछले तीन से चार साल में पांच लाख दलित और आदिवासी बहनें गायब हुई हैं। देशभर में दर्ज हुए 10 हजार से अधिक मामले देश भर में साल 2022 में एसटी के खिलाफ अपराध के कम से कम 10,064 मामले दर्ज किए गए, जो 14.3त्न की वार्षिक वृद्धि है। इसके साथ ही प्रदेश में इस केटेगरी में क्राइम रेश्यो साल 2021 में 8.4 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 9.6 हो गया है। एससी अपराध की बात की जाए तो सामान्य चोट के 1607 मामलें और गंभीर चोट के 52 तो वहीं, हत्या के 61 मामले सामने आए है। देश का दुर्भाग्य है कि दलितों के साथ अपराध के मामलों में उच्च स्थान पर है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश में भाजपा पिछले 20 वर्षों से सत्ता में है। भाजपा का शासन दलित-विरोधी नीतियों और संविधान-विरोधी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अत्याचारियों को सजा देने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। यह लड़ाई अब केवल अन्याय के खिलाफ नहीं, बल्कि दलितों की गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। पूरी कांग्रेस पार्टी इन अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और हर दलित भाई-बहन को न्याय दिलाने के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। न्याय की इस लड़ाई में कांग्रेस एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी।इन सब घटनाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा संविधान की रक्षा के लिए 25 जनवरी 2025 को महू में 'जय भीम-जय संविधान, जय बापूÓ आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सभी सीडब्ल्यूसी मेंबर समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। दुर्भाग्य की बात है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दलितों पर होने वाले अत्याचार और शोषण को लेकर कुछ भी कहने से बचते हैं। वे दलितों की सुरक्षा करना ही नहीं चाहते। प्रदेश का गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है। मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था लचर होने से दलित आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। यह मुख्यमंत्री का दायित्व है कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। आज प्रदेश में इस वर्ग में जो दहशत और दवाब का माहौल पनप रहा है उस पर अंकुश लग सके।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस : फिर से चिंता में डूबी दुनिया

आरती कुमारी

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस, न्यूमोविरिडे परिवार का हिस्सा है, यह एक श्वसन वायरस है जो हल्की सर्दी से लेकर निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस जैसे गंभीर फेफड़ों के संक्रमण तक की बीमारियों का कारण बनता है। हालाँकि फ्लू या रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस की तुलना में कम पहचाना जाने वाला, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में श्वसन सम्बंधी बीमारियों का एक महत्त्वपूर्ण कारण है, खासकर सर्दियों और वसंत के दौरान। यह वायरस विशेष रूप से कमज़ोर आबादी जैसे कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा करता है। यह वायरस उनके लिए बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है, इसलिए जागरूकता बढ़ाना और निवारक क़दम उठाना महत्त्वपूर्ण है। शिशु और छोटे बच्चे विशेष रूप से ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर श्वसन स्थितियों के प्रति संवेदनशील होते हैं। बड़े वयस्क 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, साथ ही अस्थमा या सीओपीडी जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों में जटिलताएँ होने की संभावना अधिक होती है। गर्भावस्था के दौरान एचएमपीवी के कारण श्वसन सम्बंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जो माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकती हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर होती है, चाहे वे किसी चिकित्सा स्थिति या कीमोथेरेपी जैसे उपचार के कारण हों, उनमें गंभीर लक्षण होने का जोखिम अधिक होता है। चीन में एचएमपीवी के हाल ही में हुए प्रकोप ने इस वायरस की संभावित गंभीरता को उजागर किया है, खासकर कमज़ोर समूहों में। ज़्यादातर संक्रमण 14 साल से कम उम्र के बच्चों में हुआ, जिनमें से कई मामलों में उनकी गंभीरता के कारण अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता पड़ी। लक्षणों में लगातार खांसी और बुखार से लेकर ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी अधिक गंभीर स्थितियाँ शामिल हैं। अन्य श्वसन सम्बंधी बीमारियों से इसकी समानता निदान और उपचार को जटिल बनाती है। इसके प्रसार को रोकने के लिए, चीन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाथ धोने, मास्क पहनने और समय पर जाँच जैसे निवारक उपायों पर ज़ोर दिया हैं। वयस्कों में एचएमपीवी के लक्षण अक्सर सामान्य सर्दी या फ्लू जैसे होते हैं। इनमें,लगातार खांसी, अक्सर बलगम उत्पादन शामिल हैं। नाक बंद होना या नाक बहना, बुखार, आमतौर पर हल्का से मध्यम थकान और शरीर में सामान्य दर्द, गले में खराश, गंभीर मामलों में सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। बच्चों में गंभीर लक्षण होने की संभावना अधिक होती है. ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अत्यधिक संक्रामक है और विभिन्न माध्यमों से फैलता है। वायरस तब फैल सकता है जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, जिससे श्वसन की बूंदें हवा में फैलती हैं। वायरस संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संपर्क के माध्यम से फैल सकता है, खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंखों या मुंह को छूता है। वायरस सतहों पर बना रह सकता है और दूषित वस्तुओं जैसे कि दरवाजे की कुंडी या मोबाइल डिवाइस को छूने से संक्रमण का ख़तरा बढ़ जाता है। छोटे श्वसन कण हवा में निलंबित रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाली या खराब हवादार जगहों पर। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के लक्षण अन्य श्वसन संक्रमणों से मिलते-जुलते हैं, जिससे सटीक निदान विशिष्ट प्रयोगशाला परीक्षणों पर निर्भर करता है। यह आणविक परीक्षण उच्च सटीकता के साथ वायरस की आनुवंशिक सामग्री का पता लगाता है और इसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के निदान के लिए स्वर्ण मानक माना जाता है। रैपिड एंटीजन टेस्ट जल्दी परिणाम देते हैं लेकिन पीसीआर टेस्ट की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। अधिकांश लोग बिना किसी जटिलता के लगभग 7 से 10 दिनों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से ठीक हो जाते हैं। हालाँकि, कुछ समूहों को गंभीर जटिलताओं का अधिक जोखिम होता है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस वायरल निमोनिया का कारण बन सकता है, जिसके गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने और गहन देखभाल की आवश्यकता होती है। शिशुओं और छोटे बच्चों को अक्सर वायुमार्ग में सूजन और रुकावट का अनुभव होता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई और घरघराहट होती है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी मौजूदा श्वसन स्थितियों को खराब कर सकता है। ये संक्रमण, जैसे कि बैक्टीरियल निमोनिया, कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण जटिलताओं के रूप में विकसित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के कारण होने वाली श्वसन सम्बंधी समस्याएँ मातृ और भ्रूण के स्वास्थ्य को जोखिम में डाल सकती हैं। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस में कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवा नहीं है। उपचार का मुख्य उद्देश्य लक्षणों का प्रबंधन करना और जटिलताओं को रोकना है। ठीक होने और ताकत बनाए रखने के लिए आवश्यक है। एसिटामिनोफेन या इबुप्रोफेन जैसी दवाएँबुखार और शरीर के दर्द को नियंत्रित कर सकती हैं। गंभीर मामलों में, पूरक ऑक्सीजन या मैकेनिकल वेंटिलेशन की आवश्यकता हो सकती है। निमोनिया जैसी जटिलताओं वाले रोगियों को अस्पताल में बारीकी से निगरानी की आवश्यकता हो सकती है। एचएमपीवी को रोकने के लिए, निवारक उपायों पर ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में कोई टीका उपलब्ध नहीं है। संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए, इन उपायों का पालन करें। अपने हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक साबुन और पानी से धोएँ। जब साबुन और पानी उपलब्ध न हो तो अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें। ऐसे व्यक्तियों से दूर रहें जिनमें श्वसन सम्बंधी बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। प्रकोप के दौरान भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचें। नियमित रूप से उन सतहों को साफ़ करना सुनिश्चित करें जिन्हें अक्सर छुआ जाता है, जैसे कि दरवाज़े के हैंडल, फ़ोन और काउंटरटॉप। प्रकोप या फ़्लू के मौसम के दौरान मास्क पहनने से श्वसन बूंदों के संपर्क को कम करने में मदद मिल सकती है। यदि आपको कोई लक्षण है, तो वायरस के प्रसार को रोकने के लिए घर पर रहना महत्त्वपूर्ण है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरसऔर इसके संभावित प्रभाव के बारे में जागरूक होना शुरुआती पहचान और रोकथाम के लिए महत्त्वपूर्ण है।



नक्सलवाद को समाप्त करने के साथ उन्हें बढ़ावा देने वालों पर भी हो नज़र

अशोक भाटिया , मुंबई

2 वर्ष के बाद फिर छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने दोबारा सर उठाया है। नक्सलियों द्वारा किए जाने वाले बड़े हमलों में अंतिम बार छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 26 अप्रैल, 2023 को 10 जवान मारे गए थे। इसके बाद सोमवार दोपहर नक्सलियों द्वारा किये गए अब यह दूसरा और इस साल का पहला सबसे बड़ा हमला है जिसमें बीजापुर के आईईडी ब्लास्ट में आठ जिला रिजर्व गार्ड और एक ड्राइवर की मौत हो जाने के तुरंत बाद इस संवेदनशील मामले में उच्च स्तरीय मीटिंग जारी है । मामले को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ पुलिस के डीजीपी और अन्य संबंधित फोर्स के चीफ भी सक्रीय हो गए है । अब सुरक्षाबल इसका जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं।यह ठीक है कि केंद्र सरकार ने यह संकल्प ले रखा है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति को सुनिश्चित करते हुए यह भी देखा जाना जरूरी है कि आखिर नक्सलियों को आधुनिक हथियार और विस्फोटक कहां से मिल रहे हैं? गत दिवस उन्होंने जिस विस्फोटक का इस्तेमाल कर डीआरजी की गाड़ी को निशाना बनाया, वह इतना शक्तिशाली था कि जवानों के चिथड़े उड़ गए और वाहन के परखच्चे उड़कर पेड़ पर जा टंगे। यदि यह मान लिया जाए कि नक्सली उगाही और वन संपदा के दोहन के जरिये पैसा जुटा लेते हैं, तो भी प्रश्न यह उठता है कि आखिर वे आधुनिक हथियार कहां से हासिल कर ले रहे हैं? यह तो सामने आता ही नहीं कि उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कौन करता है? आखिर क्या कारण है कि तमाम नक्सलियों को मार गिराने और उनके गढ़ माने जाने वाले इलाकों में विकास के तमाम कार्यक्रम संचालित किए जाने के बाद भी उनकी ताकत कम होने का नाम नहीं ले रही है? नक्सली अपने खिलाफ जारी अभियान के बीच जिस तरह रह-रहकर सुरक्षा बलों को निशाना बनाने और उन्हें क्षति पहुंचाने में समर्थ हो जाते हैं, वह चिंता का कारण है। नक्सली गुटों में भर्ती होने वालों की उल्लेखनीय कमी न आने से यह भी लगता है कि आदिवासियों और अन्य ग्रामीणों के बीच उनकी पकड़ अभी इतनी ढीली नहीं पड़ी है कि उनकी जड़ें उखड़ती दिखें। ऐसे में उनके खिलाफ सुरक्षा बलों के अभियान को और धार देने के साथ ही उन कारणों का पता लगाकर उनका निवारण करना भी जरूरी है, जिनके चलते वे लोगों का समर्थन हासिल करने में समर्थ हैं। निःसंदेह नक्सलवाद एक विषैली-विजातीय विचारधारा है, लेकिन नक्सलियों को जड़-मूल से समाप्त करने के लिए उनसे विचारधारा के स्तर पर भी लड़ा जाना आवश्यक है। इससे ही नक्सलियों और उन्हें वैचारिक खुराक देने वालों के इस झूठ का पर्दाफाश किया जा सकता है कि वे वंचितों के उन अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, जो उनसे छीने जा रहे हैं। इस झूठ को बेनकाब करने के लिए यह भी जरूरी है कि आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकार बाधित न होने पाएं। इससे ही उनका भरोसा हासिल किया जा सकता है और उन्हें नक्सलियों से दूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि देश के कुछ राज्यों में नक्सलवाद की समस्या नासूर बन चुका है।खासकर छत्तीसगढ़ । छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है । बस्तर के लोग अपनी संस्कृति और विशेष परंपराओं के निर्वहन के लिए जाने जाते हैं।कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वयं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखा, अपने को संभाले रखा, लेकिन पिछले कुछ दशक पहले उनके खुशहाल जीवन को नक्सलियों की नजर लग गई, नाच-गाना बंद हो गया, मांदर की थाप मंद पड़ गई, सड़कें सूनी हो गई और स्कूल बंद होने लगे।स्थानीय हाट बाजार भी बंद हो गए, बस्तर के वनवासियों की जिंदगी धीरे-धीरे बेरंग हो गई। पिछले कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में यहां के लोगों के बीच एक उम्मीद जगी है कि अब नक्सलवाद खत्म होगा। दरअसल, केंद्र और राज्य सरकार ने नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प लेकर काम शुरू किया है। इससे लगने लगा कि बस्तर में अब धीरे-धीरे लोग हिंसा से मुक्ति पा रहे हैं। ये सच भी लगने लगा था क्योंकि पिछले 13 महीने की सरकार में नक्सली बैकफुट पर ही रहे। जवान नक्सलियों पर भारी पड़ते रहे।इसका जश्न भी बस्तर में देखने को मिला ,मगर नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत करते बीजापुर में आठ जवानों को धात लगाकर मार दिया। इस बीच रक्षा विशेषज्ञ मान रहे हैं कि नक्सलियों पर नियंत्रण पाना उतना सरल नहीं है, जितना कि इसके लिए लक्ष्य का निर्धारण मार्च 2026 तक आसानी से कर लिया गया है। ऐसे में सरकार को नक्सलियों को जड़ से उखाड़ने के लिए रणनीति में और बदलाव करने होंगे। इसके लिए दो रास्तों पर बराबर जोर देना होगा, या तो उनसे प्यार बातचीत का रास्ता प्रशस्त किया जाए या फिर वार से ही आर-पार की लड़ाई लड़कर निपटा जाए।विशेषज्ञों का मानना है कि नक्सलियों को मुख्य धारा में लाकर उनके लिए लागू होने जा रही पुनर्वास नीति के सफल क्रियान्वयन से नक्सलवाद को खुद हद तक समाप्त किया जा सकता है।ऐसा नहीं है कि इसके लिए पहले कभी प्रयास नहीं हुए हैं। इसके पहले भी सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भी थोड़े-थोड़े समय पर ही नक्सली सक्रिय होकर सुरक्षा बलों को चुनौती देते रहे हैं, मगर कुछ न कुछ चूक की वजह से मिशन पूरा नहीं हो पाया है।पिछले वर्षों में भी सुरक्षाबलों, राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों की हत्या करने का रिकार्ड नक्सलियों ने बना रखा है। ऐसे में नक्सलियों से पूरी तरह से निपटना अभी भी चुनौती बना हुआ है। हालांकि इस बात से गुरेज नहीं किया जा सकता है कि प्रदेश में पिछले 13 महीने की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के नाम नक्सलवाद के खिलाफ चले अभियान में एतिहासिक उपलब्धि दर्ज हो चुकी है। इस समयावधि में विष्णु सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति की है।इस दौरान 221 नक्सली मारे गए हैं, 925 नक्सलियों की गिरफ्तारियां हुई हैं और 738 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह कह सकते हैं कि नक्सली क्षेत्र में सक्रिय 1800 से अधिक नक्सली ठिकाने लग चुके हैं। ये निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया, परन्तु अभी भी नक्सलियों के मनोबल को तोड़ने के लिए काम करने की दरकार है।बीजापुर की घटना इसकी तस्दीक कर रही है कि खूफिया तंत्र भी नक्सलियों के मूवमेंट पर सटीक जानकारी जुटाने में फेल साबित हुआ है। अभी भी प्रदेश में लगभग एक हजार नक्सलियों के सक्रिय होने की जानकारी है।खूफिया सूत्रों के अनुसार इन नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराने, गिरफ्तार करने के बाद ही नक्सलवाद की लड़ाई जीती जा सकेगी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्च 2026 तक नक्सलियों का सफाया करने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि नक्सली क्षेत्र में एक भी नक्सली नेता केंद्र और राज्य सरकार के नक्सल विरोधी मुहिम के लिए घातक हो सकता है, इसलिए हर नक्सली का खात्मा जरूरी है, ताकि नक्सलियों के संगठन को पूरी तरह से तोड़ा जा सके।बस्तर के आदिवासी युवा नक्सलियों के प्रति आकर्षित न हों, इसके लिए उतनी ही लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है जितनी की नक्सलियों से बंदूक की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। नक्सली आदिवासी समूहों को यह कहकर अपनी ओर आकर्षित करते हैं कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वहां औद्योगिक इकाइयों का विस्तार करे। यहां के युवाओं को नौकरी दे ताकि वह नक्सलियों के चंगुल में न फंस सकें। हालांकि हाल में ही राज्य सरकार ने बस्तर ओलिंपिक का आयोजन करके बस्तर के आदिवासियों युवाओं को जोड़ने का काम किया है।इस आयोजन का जिक्र देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी किया था। इसके बाद से यहां के युवाओं और जवानों में नए उत्साह का संचार हुआ है। इस तरह के आयोजन इस क्षेत्र में निरंतर होते रहना चाहिए। वहीं नक्सलियों को अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश निरंतर होनी चाहिए। नक्सलियों पर पुलिसिया कार्यवाही के अलावा फंडिंग स्त्रोतों को भी तोड़ने की जरुरत है । फंडिंग स्त्रोतों के बारे में जिक्र होने पर उद्योगों से जबरन वसूली पर चर्चा होती रही है। बिहार और झारखंड में पिछले एक दशक के दौरान माओवादी संगठन के लोगों की गिरफ्तारियों के बाद यह बार बार दोहराया गया कि माओवाद प्रभावित इलाकों में जो कॉर्पोरेट बिज़नेस करते हैं, उनसे जबरन वसूली माओवादी संगठनों का बड़ा फंडिंग सोर्स रहा है। कॉर्पोरेट से भी ज़्यादा अहम उद्योग माइनिंग यानी उत्खनन का रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में यह कारोबार नक्सलियों को 'टैक्स' दिए बगैर नहीं चलता। यही नहीं, यहां अवैध उत्खनन में भी नक्सलियों की बड़ी दखलंदाज़ी रही है। मार्च 2010 में संसद में केंद्रीय खनन मंत्री हांडीक ने बताया था कि देश भर में 1,61,040 अवैध माइन्स थीं, जिनमें से बड़ी संख्या छत्तीसगढ़, झारखंड व ओडिशा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में थीं। समझा जा सकता है कि नक्सलियों की ज़बरदस्त फंडिंग का राज़ क्या रहा। ताज़ा जानकारियों की बात करें तो 2018 के आखिरी महीनों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी एनआईए ने बड़े खुलासे करते हुए बताया था कि छोटे और मझोले किस्म के नक्सली नेता अपने इलाकों के लोगों से भी जबरन वसूली करते रहे। यही नहीं, ये लोग को ऑपरेटिव सोसायटी और म्यूचुअल फंड्स में निवेश भी करते रहे। एनआईए के मुताबिक एक गिरफ्तार माओवादी के मामले में करीब 12 लाख रुपये का निवेश सहारा क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी में होना पाया गया था।

शब्द पहेली - 8366

बाएँ से दाएँ

1. इच्छा, मन्नत-2
3. आश्रय, शरण-3
6. ठाठ-बाट-2
8. प्रकार-3
10. आवरण-3
12. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
14. ख्वाब, स्वप्न-3
17. घर, आवास-3
19. लोच-3
21. भस्म, खाक-2
23. निगाह, दृष्टि-3
25. संबोधन-2
26. देवर्षि-3
28. तिजोरी-3
30. तरंग, हिलोर-3
32. गुंडा, बदमाश-3
35. अनुकृति-3
37. नाप करना-3
39. थोड़ा-2
40. उल्टी, कै-3
41. मां के पिता-2

ऊपर से नीचे

1. सप्तम, सातवां-2
2. पृथ्वी, वसुंधरा-3
4. घ्राणेंद्रिय-2
5. वासना, लालसा-3
7. खुमार, सरूर-2
9. रनिवास (उर्दू-3)
11. चतुर, तेज-3
13. थकावट-3
15. नृत्य करना-3
16. कुल, खानदान, वंश-3
18. पुराना जुकाम-3
20. कटि, शरीर का मध्यांग-3
22. ईमामदस्ता-3
24. नकद राशि, रोकड़-3
27. जलने की क्रिया-3
29. रवानगी, विदा होना-3
31. राशि, धन-3
33. आलेप करना, पोतना-3
34. रहस्य-2
36. बुरी आदत-2
38. अनेक प्रकार-2

शब्द पहेली -8365 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

मेष राशि–आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे।

वृष राशि– आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए, जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि– आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

कर्क राशि– आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

सिंह राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

कन्या राशि– आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा।

तुला राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जाएगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा खासा फायदा मिलने के संकेत हैं।

वृश्चिक राशि– आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्ते में हो रही परेशानियों से आपको छुटकारा मिलेगा।

धनु राशि– आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आयेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है। परिवार से संबंधित समस्या का असर आपके काम पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

मकर राशि– आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

कुंभ राशि– आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी। साथ ही जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा।

मीन राशि– आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर देर तक बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तेज गेंदबाजों के चयन को लेकर संशय में बीसीसीआई

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति के लिए अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम चयन आसान नहीं होगा। चयनकर्ताओं के लिए सबसे ज्यादा परेशानी तेज गेंदबाजों के चयन की रहेगी। इसका कारण है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की एंठन से पीड़ित हैं जबकि एक साल से टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संशय बना हुआ है। टीम के पास काफी बल्लेबाज और ऑलराउंडर हैं वह स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हार्दिक पंड्या, नीतीश रेड्डी और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज हैं। अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली फार्म से बाहर चल रहे हैं पर इनका चयन पक्का है। रोहित और शुभमन गिल पारी की शुरुआत करते हुए दिख सकते हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली और चौथे नंबर पर ऋषभ पंत उतरेंगे। वहीं पांचवें नंबर के लिए टीम के पास केएल राहुल, श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी हैं। छठे से 11वें नंबर तक ऑलराउंडर और गेंदबाज उतरेंगे। ऑलराउंडर के लिए भारतीय टीम के पास रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान फिट होने पर जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। इसके अलावा मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह को भी अवसर मिल सकता है। बुमराह पीठ में एंठन से परेशान हैं और इससे वह कब तक उबर जाएंगे ये अभी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है। वहीं मोहम्मद शमी भी फिटनेस हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं पर वह भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में अगर बुमराह और शमी फिट नहीं होते तो तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज करेंगे जबकि तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार, में से किसी एक को ये अवसर मिल सकता है।

अब 2027 में होने वाले वाला डब्ल्यूटीसी फाइनल रहेगा भारतीय टीम का लक्ष्य

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में सीरीज रहेंगी अहम

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 से बाहर हो गयी है। ऐसे में अब उसका लक्ष्य 2027 में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल पर ध्यान देना रहेगा। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 सत्र की शुरुआत इसी साल जून में होगी। भारतीय टीम को इसके तहत सबसे पहले जून में इंग्लैंड से टेस्ट सीरीज खेलनी है। दोनो ही टीमों के बीच 20 जून से पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा। इंग्लैंड से वापसी के बाद भारतीय क्रिकेट टीम इस साल दो घरेलू टेस्ट सीरीज वेस्टइंडीज और श्रीलंका से खेलेगी। भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी के साल 2025-27 सत्र के तहत इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के दौरे पर जाना है। इसमें से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इसलिए उसे डब्ल्यूटीसी 2025-27 के फाइनल में पहुंचने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में सीरीज जीतनी या ड्रॉ करनी होगी। वहीं अगर वह हारी तो बाहर हो जाएगी। डब्ल्यूटीसी 2025-27 के फाइनल में पहुंचने के लिए किसी भी टीम को तकरीबन 60 फीसदी मैच जीतने होंगे।भारतीय टीम को विश्वप टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के कार्यक्रम में 6 सीरीज खेलनी हैं। जिसमें कुल 18 मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम को इनमें से 9 मैच अपनी धरती पर जबकि 9 विदेशी धरती पर खेलने हैं। भारतीय टीम इन 18 मैचों में से 10 मैच इंग्लैंड और 8 मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम 2026-27 में भारत का दौरा करेगी।

बुमराह ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विदेशी गेंदबाज : पोंटिंग

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि ऑस्ट्रेलिया में किसी विदेशी टीम के गेंदबाज को ये अब अब तक का ये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पोंटिंग के अनुसार उन्होंने किसी मेहमान टीम के गेंदबाज का ऐसा प्रदर्शन नहीं देखा। बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाज के लिए ही प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी मिला। इस भारतीय गेंदबाज ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में सबसे अधिक 32 विकेट लेकर लिए। अपने इस प्रदर्शन से बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने का महान ऑलराउंडर कपिल देव का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बुमरहा ने 17.15 की औसत से 64 विकेट जबकि कपिल ने 24.58 की औसत से 51 विकेट लिए थे। पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह शायद तेज गेंदबाजी की सबसे अच्छी सीरीज है जो मैंने कभी देखी है। हां, इस सीरीज के अधिकांश समय में उनके पास अच्छे हालात थे पर बुमराह के आने से बल्लेबाजी कठिन हो गयी। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम में भी बहुत अच्छी बल्लेबाजी है, लेकिन उन्होंने अलग-अलग समय पर सभी को हैरान किया। बुमराह ने इस सीरीज में पूर्व दिग्गज बिशन सिंह बेदी के 31 विकेटों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया और वह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

मुम्बई। स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में उतरेगी। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की यह सीरीज 10 जनवरी से शुरू होगी और इसके सभी मैच राजकोट में खेले जायेंगे। हरमनप्रीत के अलावा तेज गेंदबाज रेनुका को भी आराम दिया गया है। रेणुका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में 10 विकेट लिए थे। वह पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबर रही हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछले माह ही वेस्टइंडीज को टी20 सीरीज में 2-1 जबकि एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से हराया था। इससे टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह आयरलैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी।आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनिस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु , साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।

मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने सभी प्रयास किये जा रहे : लवलीना

गुवाहाटी। ओलंपिक पदक विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा है कि मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। लवलीना अभी विश्व मुक्केबाजी की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग की सदस्य बनी हैं। बोरगोहेन ने कहा कि मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई पर इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। लवलीना ने , ' एथलीट आयोग जैसी समिति में होना सौभाग्य की बात है क्योंकि निर्णय लेने में अब भारत की आवाज भी सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी की तकनीकी पहलुओं विशेष रूप से 'स्कोरिंग और जजिंग की निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण करने की भी आवश्यकता है। लवलीना ने कहा, 'अभी तक भारत सिर्फ एक सामान्य सदस्य था जिसके पास विरोध जताने या व्यवस्था में कमी बताने के बहुत कम अवसर होते थे। यह अब बदलने जा रहा है क्योंकि एशियाई निकाय में हमारे पास सात पद होंगे। उन्होंने कहा, 'यह उन खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदे वाली बात है जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और ओलंपिक पदक जीतना चाहते हैं। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए। वहीं मुक्केबाजी को अगर लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया जाता है तो लवलीना लगातार तीसरी बार इन खेलों में शामिल होना चाहती हैं। उन्होंने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था पर पिछले साल पेरिस ओलंपिक वह कोई पदक नहीं जीत पायीं थीं। लवलीना ने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक का आयोजन कोरोना महामारी के समय हुआ था जबकि पेरिस ओलंपिक सीखने का दौर था। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे इसका कोई दुख नहीं है कि मैं पदक नहीं जीत पाई। प्रत्येक खिलाड़ी को कुछ नए सबक सिखाने के लिए मिलते हैं और लॉस एंजिल्स में मैं अधिक समझदारी के साथ आगे बढ़ना चाहती हूं। उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं अपनी तैयारियों में जल्दबाजी नहीं करूंगी। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अभी काफी समय है। अभी उचित वजन बनाए रखना और चोट से बचना मेरी योजनाओं में शामिल हैं।

व्यापार

शेयर बाजार की मजबूती के साथ शुरुआत

सेंसेक्स 250 अंक चढ़ा; निफ्टी 23,700 के पार

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी पिछले कारोबारी दिन बड़ी गिरावट झेलने के बाद मंगलवार को तेजी के साथ खुले। सोमवार को सेंसेक्स और निफ़्टी 1.5 फीसदी से ज्यादा गिर गये थे। यह पिछले तीन महीने में सेंसेक्स और निफ्टी की किसी एक ट्रेडिंग सेशन में सबसे बड़ी गिरावट थी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 359.41 अंक चढ़कर 78,324.40 के लेवल पर खुला। सुबह शुरुआत में 138.23 अंक की बढ़त लेकर 78,103.22 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 134.40 अंकों की बढ़त के साथ 23,750.45 के स्तर पर खुला। सुबह की शुरुआत में यह 66.25 अंक की बढ़त लेकर 23,682.30 पर कारोबार कर रहा था। वहीं बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 50 अंकों की बढ़त के साथ 79,281.65 पर खुला, लेकिन थोड़ी देर बाद गिरावट में आ गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1440 अंक तक गिर गया और अंत में 1258 अंक की गिरावट के साथ 77,964.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 भी शुरुआती बढ़त के बाद भारी बिकवाली का शिकार हुआ। यह 24,700 के स्तर से नीचे फिसल गया और दिन के अंत में 388.70 अंक की गिरावट के साथ 23,616.05 पर बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयर ग्रीन निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं जोमैटो, टीसीएस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। एशिया-प्रशांत बाजारों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। इसका कारण वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में उछाल है, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेमीकंडक्टर शेयर सबसे आगे रहे। एनविडिया के शेयरों में बड़ा उछाल आया, क्योंकि फॉक्सकान ने चौथी तिमाही में रिकॉर्ड रेवेन्यू की घोषणा की। यह टेक सेक्टर में मजबूती का संकेत देता है। ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के शेयर सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। इसका असर एशियाई बाजारों पर भी दिखा। निक्केई ने सोमवार की गिरावट के बाद 1.70 फीसदी की बढ़त दर्ज की। कोस्पी 1.14 फीसदी चढ़ा, जिसमें सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स के शेयर क्रमशः 2 फीसदी और 1.35 फीसदी बढ़े। एएसएक्स 200 0.2 फीसदी चढ़कर लगातार चौथे दिन बढ़त पर रहा। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी 500 0.55 फीसदी और नैस्डैक 1.24 फीसदी चढ़े, लेकिन डॉव जोन्स 0.06 फीसदी गिरकर बंद हुआ। यह निवेशकों की मिलीजुली भावना को दिखाता है। अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी के बावजूद भारतीय बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए।

आठ माह में कॉफी निर्यात रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान भारत के कॉफी निर्यात में उछाल दर्ज हुआ। निर्यात के मूल्य में उछाल रोबस्टा कॉफी की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि और यूरोपीय यूनियन के नए डिफोरेस्टेशन रेगुलेशन से पहले स्टॉकिंग के कारण दर्ज हुआ।<सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत का कॉफी निर्यात 8 महीने की अवधि के दौरान रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में रोबस्टा कॉफी की अधिक मांग के कारण 2023-24 में पूरे वर्ष के लिए भारत का कॉफी निर्यात 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1.28 बिलियन डॉलर हो गया। देश ने 2022-23 में 1.14 बिलियन डॉलर मूल्य की कॉफी का निर्यात किया। भारत के कॉफी निर्यात के प्रमुख बाजारों में इटली, रूस, यूएई, जर्मनी और तुर्की शामिल हैं। भारत 2022-2023 के दौरान दुनिया का आठवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक बन गया। भारतीय कॉफी अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कॉफी में से एक है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रीमियम पर है। भारत दो प्रकार की कॉफी अरेबिका और रोबस्टा का उत्पादन करता है। अपने हल्के सुगंधित स्वाद के कारण अरेबिका का रोबस्टा कॉफी से ज्यादा बाजार मूल्य है। रोबस्टा कॉफी का इस्तेमाल इसके स्ट्रॉन्ग फ्लेवर के कारण अलग-अलग मिश्रण बनाने में किया जाता है। रोबस्टा की भारतीय कॉफी के कुल उत्पादन में 72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत को वैश्विक स्तर पर रोबस्टा कॉफी का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक माना जाता है। यह उद्योग भारत में 2 मिलियन से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। केरल कॉफी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन कुल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी केवल 20 प्रतिशत है। तमिलनाडु भारत के कुल कॉफी उत्पादन का 5 प्रतिशत हिस्सा लेकर तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। तमिलनाडु की आधी कॉफी नीलगिरि जिले में बनाई जाती है, जो अरेबिका उगाने वाला एक प्रमुख क्षेत्र है। उड़ीसा और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में उत्पादन का अनुपात कम है। भारत की कंबाइंड अरेबिका और रोबस्टा फसल 2023-24 फसल वर्ष के लिए लगभग 3.74 लाख टन होने का अनुमान है। जबकि अरेबिका का उत्पादन 1 लाख टन से थोड़ा अधिक है, रोबस्टा का उत्पादन लगभग 2.6 लाख टन है। कॉफी भारत के लिए एक निर्यात वस्तु है, इसलिए घरेलू मांग और खपत कॉफी की कीमतों पर बहुत ज्यादा असर नहीं डालती है। कॉफी का उत्पादन मुख्य रूप से भारत के दक्षिणी राज्यों में होता है, जिसमें कर्नाटक सबसे बड़ा उत्पादक है, जो फसल के कुल उत्पादन का 71 प्रतिशत हिस्सा है।

देश राज्यों से बड़ी खबरें

1अमित शाह से मुलाकात करने गृह मंत्रालय पहुंचे जेपी नड्डा
2 हिमाचल प्रदेशःमंडी में भूकंप के झटके,3.4 रही तीव्रता
3 दिल्ली में बनेगा पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का मेमोरियल,केंद्र ने दी मंजूरी
4 ओवैसी की पार्टी ने दिल्ली दंगों के आरोपी शफाउर रहमान को ओखला से टिकट दिया
5 जिम,स्विमिंग पूल में महिला ट्रेनर अनिवार्य, गौतमबुद्ध नगर खेल विभाग का निर्देश
6 दिल्ली PWD फ्लाईओवर घोटाले में CBI ने नए सिरे से शुरू की जांच
7 मैं दिल्ली की हर महिला को 2100 रुपये दिलवाकर रहूंगीःआतिशी
8 यूपी के CM योगी आदित्यनाथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने पहुंचे
9 राहुल गांधी 13 जनवरी को दिल्ली में चुनावी रैली कर सकते हैं
10 छत्तीसगढ़ःPWD ने पत्रकार हत्या मामले में गिरफ्तार ठेकेदार का रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया
11 एक फरवरी को बजट में दिल्ली केंद्रित कोई योजना नहीं ला सकतेः चुनाव आयोग का केंद्र को पत्र
12 जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में उपचुनाव बर्फीले मौसम के कारण टला
13 J-Kःबड़गाम और नगरोटा सीट पर उपचुनाव टला,खराब मौसम की वजह से EC ने लिया फैसला
14 UP की मिल्कीपुर सीट पर 5 फरवरी को उपचुनाव,8 फरवरी को आएंगे नतीजे
15 दिल्ली चुनाव की तारीख का ऐलान,5 फरवरी को वोटिंग,8 फरवरी को नतीजे
16 फुल प्रूफ डिवाइस है ईवीएम,नहीं हो सकती है हैकःचुनाव आयोग
17 चुनाव से 7-8 दिन पहले तैयार हो जाती है ईवीएम,बोले CEC राजीव कुमार
18 भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्कर गिरफ्तार,BSF ने जब्त किया 36.73 लाख का सोना
19 दिल्ली के लिए कांग्रेस की दूसरी गारंटी कल,25 लाख तक के हेल्थ इंश्योरेंस कवर का कर सकती है वादा
20 मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में लगाया गया बुलेटप्रूफ ग्लास
21 आसाराम को मेडिकल ग्राउंड पर सुप्रीम कोर्ट ने 15 मार्च तक दी जमानत
22 केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली के किसानों से मुलाकात की
23 अमित शाह ने लॉन्च किया भारतपोल पोर्टल, अंतरराष्ट्रीय अपराधियों पर नकेल कसने में मिलेगी मदद
24 मालदीव के रक्षा मंत्री से मिलेंगे राजनाथ सिंह, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी बात
25 दिल्ली चुनाव की घोषणा से पहले केजरीवाल के घर AAP नेताओं की बैठक,CM आतिशी भी मौजूद
26 आमरण अनशन कर रहे प्रशांत किशोर की तबीयत बिगड़ी
27 तमिलनाडु के मदुरई में टंगस्टन खनन का विरोध,हजारों किसानों ने निकाला प्रोटेस्ट मार्च
28 तिब्बत भूकंप में अब तक 32 लोगों की मौत,38 घायल
29 महाराष्ट्र में भी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस ने दी दस्तक,नागपुर में HMPV पॉजिटिव पाए गए दो बच्चे
30 ईडी ने केटीआर का अनुरोध किया स्वीकार, पूछताछ के लिए आज नहीं होंगे पेश
31 किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी,43 दिनों से कर रहे हैं आमरण अनशन
32 मुंबई के अंधेरी इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग,1 शख्स की मौत और 1 घायल
33 बिहार के कई हिस्सों में भूकंप के झटके
34 दिल्लीःकोहरे के कारण देरी से चल रही दर्जनों ट्रेनें
35 मुंबई के पी डी'मेलो रोड पर देर रात फायरिंग, एक शख्स घायल
36 कनाडाःट्रूडो के इस्तीफे के ऐलान पर बोले जगमीत सिंह,दूसरा मौका देने के लायक नहीं है ट्रूडो की पार्टी
37 सीवानःनीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दूसरे चरण का आज दूसरा दिन
38 गृहमंत्री अमित शाह आज लॉन्च किए भारतपोल' पोर्टल
39 असम में फंसे खनिकों को बचाने के लिए भारतीय सेना की बचाव टीम रवाना
40 इसरो ने अंतरिक्ष में किया कमाल,लोबिया का बीज बन गया पौधा;निकल आईं पत्तियां

इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने पर चाहत खन्ना ने दी प्रतिक्रिया, कहा- यह चौंकाने वाला था

टेलीविजन अभिनेत्री चाहत खन्ना ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के हैक होने के बारे में बात की। बड़े अच्छे लगते हैं में काम कर मशहूर हुई अभिनेत्री ने बताया कि अकाउंट हैक होना और फॉलोअर्स का तेजी से घटना उनके लिए काफी चौंकाने वाला रहा। काफी प्रयास और सुरक्षा प्रोटोकॉल की मदद से खन्ना का अकाउंट रिकवर हो चुका है। हालांकि,

हैक के बाद लगभग 2.5 मिलियन फॉलोअर्स उन्हें अनफॉलो कर चुके हैं। अभिनेत्री ने कहा, यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला था। सब कुछ ठीक रखने और जांच करने के बावजूद, हैकर्स किसी तरह मेरे अकाउंट तक पहुंच गए। मेटा टीम ने जल्द से जल्द मेरा अकाउंट रिकवर करने में मदद की। हालांकि, मुझे इस सब के बीच लगभग 2.5 मिलियन फॉलोअर्स की गिरावट दिखी और यह काफी अजीब रहा। हैकिंग तुर्की में होने का संदेह है। चाहत खन्ना के इंस्टाग्राम पर 3.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अभिनेत्री ने मेटा टीम को धन्यवाद देते हुए आगे लिखा, जल्द से जल्द मेरे अकाउंट तक पहुंच वापस पाने में मेरी मदद करने के लिए मेटा की टीम का शुक्रिया। उम्मीद है कि अब सब ठीक रहेगा। बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब अभिनेत्री साइबर क्राइम का शिकार हुई हैं। इससे पहले साल 2020 में चाहत खन्ना साइबर क्राइम का शिकार हो गई थीं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट को एक पुराने दोस्त ने हैक कर लिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने खुलासा किया कि हैकिंग के लिए जिम्मेदार व्यक्ति उनका पूर्व मित्र था, जिसके साथ उनका झगड़ा हो गया था। चाहत ने घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पिछले महीने, खन्ना ने दुबई में अपने ब्वॉयफ्रेंड रोहन गंडोत्रा के साथ छुट्टियां मनाते हुए अपनी तस्वीरें शेयर करके सुर्खियां बटोरी थी। हालांकि चाहत ने रोहन के साथ अपने रिश्ते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन साथ में उनका लगातार छुट्टियां मनाना और सार्वजनिक रूप से दिखना इस बात का संकेत है कि वे रिलेशनशिप में हैं। चाहत खन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री ने टीवी शो हीरो-भक्ति ही शक्ति है से अपनी अभिनय की शुरुआत की थी। उन्होंने कई लोकप्रिय शो में काम किया है, जिनमें कुमकुम-एक प्यारा सा बंधन, काजल, बड़े अच्छे लगते हैं, क़ुबूल है के साथ अन्य शोज के नाम शामिल हैं। टेलीविजन के अलावा चाहत कई विज्ञापनों और फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म यात्री में भी काम कर चुकी हैं।

तेरा बाप हिंदुस्तान

अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का धांसू ट्रेलर आउट, देश की पहली एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान से लोहा लेंगे खिलाड़ी

साल 2025 आ गया है और स्काई फोर्स पहले महीने की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. अक्षय कुमार, वीर पहारिया और सारा अली खान की लीड रोल वाली फिल्म का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. देशभक्ति से भरपूर फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है. ऐतिहासिक भारत की पहली एयर स्ट्राइक पर बनी फिल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार और वीर पहारिया लीड रोल में हैं. ट्रेलर में भारत के पहले और सबसे खतरनाक हवाई हमले पर आधारित एक मनोरंजक कहानी पेश की गई है, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ हमला करने की तैयारी कर रहे भारतीय वायु सेना के संघर्ष को दिखाया गया है. दमदार डायलॉग और देशभक्ति से भरपूर म्यूजिक के साथ सैनिकों की बहादुरी और देशभक्ति को उजागर करने वाली कहानी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. फिल्म में सारा अली खान वीर की ऑन-स्क्रीन वाइफ का रोल प्ले कर रही हैं. जो कहानी में इमोशनल अटेचमेंट जोड़ती है. वहीं वीर पहारिया इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं. नेटिजन्स को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है और सब ट्रेलर पर अपना रिस्पॉन्स दे रहे हैं. एक ने लिखा, जब अक्षय सर ने कहा कि दूसरा गाल नेता दिखाते हैं हम फौजी नहींस, मेरे रोंगटे खड़े हो गए. एक ने लिखा, अक्षय सर बैक टू सिनेमा. एक ने कमेंट किया, वाह क्या ट्रेलर है 50 करोड़ लोड हो रहा है. एक ने लिखा, एनजीएल तनिष्क बागची का म्यूजिक कमाल का है. स्काई फोर्स एक अनकही सच्ची कहानी है जो पाकिस्तान के खिलाफ भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले में शामिल सभी जवानों की बहादुरी, भावना और देशभक्ति को दर्शाती है. अक्षय कुमार ने ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, इस गणतंत्र दिवस पर एक वीर बलिदान की अनकही कहानी देखें, भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की कहानी. मिशन स्काईफोर्स सिनेमाघरों में 24 जनवरी 2025 को. संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित, स्काई फोर्स का निर्माण दिनेश विजन, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है. यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है, जो गणतंत्र दिवस वीकेंड पर आएगी.

साड़ी में कयामत ढाती दिखीं साक्षी मलिक, एक्ट्रेस ने कातिलाना अदाओं से इंटरनेट पर लूटी लाइमलाइट

एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने लेटेस्ट ट्रेंडी फैशन स्टेटमेंट्स के कारण यंग लड़कियों को इंस्पायर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोड इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती

रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक की फोटोज इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने व्हाइट कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहना हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। बता दें कि इंडियन हो या फिर वेस्टर्न आउटफिट एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में फैंस के बीच कहर ढाती हैं। उनका हर एक अंदाज लोगों के बीच आते ही छा जाता है। एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

अरुण विजय स्टारर फिल्म वनांगन की रिलीज डेट आउट, निर्माताओं ने नया पोस्टर जारी कर बताई तारीख

अभिनेता अरुण विजय ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा, वनंगन के नए पोस्टर के रिलीज़ के साथ एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव के लिए मंच तैयार कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्टर साझा करते हुए, अरुण विजय ने आधिकारिक रिलीज़ की तारीख की पुष्टि की: वनंगन 10 जनवरी, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी। प्रशंसक अब इस मनोरंजक एक्शन से भरपूर फिल्म के लिए अपने कैलेंडर को चिह्नित कर सकते हैं, जो उन्हें अपनी सीटों के किनारे पर रखने का वादा करती है। वनांगन को दूरदर्शी फिल्म निर्माता बाला ने बी स्टूडियोज के बैनर तले लिखा, सह-निर्मित और निर्देशित किया है, जिसमें वी हाउस प्रोडक्शंस के सुरेश कमाची सह-निर्माता हैं। अरुण विजय प्रतिभाशाली रोशनी प्रकाश के साथ कलाकारों का नेतृत्व करते हैं, जो बड़े पर्दे पर एक गहन गतिशीलता लाते हैं। फिल्म में एक शानदार तकनीकी टीम भी है, जिसमें जी. वी. प्रकाश कुमार द्वारा संगीत, आर. बी. गुरुदेव द्वारा छायांकन और सतीश सूर्या द्वारा संपादन शामिल है। एक आकर्षक कहानी और एक दमदार टीम के साथ, वनांगन 2025 की प्रमुख रिलीज़ में से एक बनने के लिए तैयार है, और अरुण विजय के प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह एक अविस्मरणीय सिनेमाई सवारी होने का वादा करती है।

आला रे देवा आला रे, शाहिद कपूर की देवा का खौफनाक टीजर रिलीज, एक्शन थ्रिलर में प्रो-एंग्री यंग मैन बने एक्टर

शाहिद कपूर अपनी आने वाली फिल्म देवा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. फिल्म के लिए पहले से ही काफी एक्साइटमेंट है, वहीं अब मेकर्स ने एक्शन-एंटरटेनर का टीजर रिलीज करके दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है. 5 जनवरी को मेकर्स ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म का टीजर रिलीज किया. 052 मिनट का टीजर हमें अलग ही सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देता है. हम शाहिद कपूर को एक पुलिस अधिकारी के रूप

में हार्ड-कोर एक्शन करते हुए देख सकते हैं, जबकि पूजा हेगड़े अपनी मौजूदगी से इसमें मसाला डालने का काम करती हैं. अपकमिंग एक्शन थ्रिलर देवा से शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं वो भी खाकी वर्दी में. दिलचस्प बात यह है कि टीजर में कोई डायलॉग नहीं है लेकिन कहानी कहने के लिए सिर्फ शाहिद के एक्सप्रेशन ही काफी हैं. शाहिद का ट्रेडमार्क स्वैग और एक्शन और डांस सीक्वेंस में उनके मूव्स दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. 52 सेकंड का टीजर, हाई-ऑक्टेन एक्शन, मदहोश कर देने वाले डांस मूव्स और एक एंटरटेनिंग कहानी से भरी फिल्म का दावा करता हैं. प्रोमो की शुरुआत शाहिद के डांस फ्लोर पर अपना जलवा दिखाने से होती है जहां मौजूद भीड़ उनका उत्साह बढ़ा रही है. उनके डांस मूव्स उनके कैरेक्टर के बारे में बहुत कुछ कह रहे हैं. व्हाईट शर्ट पहने, उन्होंने इसे वर्दी की पैंट, जूते और एक पिस्तौल के साथ पेयर किया. शाहिद एक निडर पुलिस वाले की भूमिका निभाते हैं. इस इंटेंस अवतार में एक्टर ने ऐसे बेहतरीन और अनफिल्टर्ड एक्शन सीक्वेंस दिए हैं जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने का वादा करते हैं. हाई-स्पीड चेज से लेकर एड्रेनालाईन-पंपिंग फाइट सीक्वेंस तक, शाहिद हर सीन में जान डालते हुए दिखते हैं. आखिरी में टीजर बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन और उनकी विरासत को भी श्रद्धांजलि देता है, जिसमें शाहिद कपूर प्रो एंग्री मैन के रूप में दिखाई देते हैं.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।